08 फरवरी 2025

शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




लैंड फॉर जॉब : विशेष अदालत ने सीबीआई से मांगा स्पष्टीकरण

2



# प. बंगाल: पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका, हादसे में तीन महिला समेत चार की मौत

- कल्याणी के रथतला इलाके में घनी आबादी के बीच हुई घटना
- धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री के आसपास मौजूद घरों को हुआ भारी नुकसान

**एजेंसी/कोलकता**

पश्चिम बंगाल के मदिया में एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमका हुआ है। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। धमाका उस वक्त हुआ जब फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। यह घटना कल्याणी के रथतला इलाके में घनी आबादी के बीच स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई है। पुलिस की मानें तो धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री के आसपास मौजूद घरों को भारी नुकसान हुआ है। जोरदार धमाके के बाद इलाके के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड के कर्मियों को काफी करनी मशक्कत। इसके बाद हालात को काबू किया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि धमाका कैसे हुआ। धमाके के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि धमाका कैसे हुआ। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है। ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।



## महाकाल का दर्शन कर लौट रहे ट्रैवलर, बाइक और टैंकर में जोरदार टक्कर, 4 की मौत, 17 घायल

**इंदौर।** इंदौर के महू में भीषण सड़क हादसा हुआ है। जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई है वहीं 17 लोग घायल हैं। दरअसल उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर कर्नाटक लौट रहे यात्रियों से भरे ट्रैवलर वाहन ने पहले दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी। इसके बाद वह एक टैंकर में घुस गया, हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 घायल हो गए हैं। घटना इंदौर के पास मानपुर के भैरव घाट में शुक्रवार सुबह की है। ट्रैवलर में सवार यात्री महाकाल दर्शन कर कर्नाटक लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार तेज गति से आ रहे ट्रैवलर वाहन ने पहले दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी। इसके बाद वह एक टैंकर में जा घुसा। टक्कर से बाइक सवार युवक उछल कर दूर जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गए,जबकि ट्रैवलर वाहन में सवार दो महिला यात्रियों की जान भी चली गई। वाहन में सभी यात्री कर्नाटक के थे। वे उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसे में कुछ यात्रियों को गंभीर चोट आई है जिन्हें इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस भीषण हादसे में बाइक सवार हिमांशु और शुभम की मौत हो गई। दोनो महू क्षेत्र के ही निवासी थे। वहीं घायलों में सविता, सुभाष रेन, तीरथ पिता रामचंद्र, श्रुति पिता अमर, सागर, भाव सिंह, शिव पिता श्रीकांत, बबीता पति फकीरा, मालती पति कृष्णा, सुनीता पति श्रीकांत, प्रशांत, लता, नीलू और बांगला वडियप्पा व अन्य शामिल हैं। वहीं इस घटना के बाद काफी देर तक रोड़ जाम की स्थिति बनी हुई थी। काफी मशक्कत के बाद स्थिति काबू में हुआ।

## देश के भविष्य के लिए कुशल, मांग पर आधारित, तकनीकी रूप से सक्षम का प्रयास

# कौशल भारत प्रोग्राम के लिए 8800 करोड़ की मंजूरी

- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल को तीन साल के लिए बढ़ाया गया
- दक्षिण तटीय रेलवे जोन के विकास के लिए बड़ा फैसला लिया गया

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कैबिनेट बैठक में कौशल भारत कार्यक्रम के लिए 8,800 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल को तीन साल के लिए बढ़ाया गया है। वहीं दक्षिण तटीय रेलवे जोन के विकास के लिए बड़ा फैसला लिया गया। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट ने नए आयकर बिल को भी मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी। इसमें कौशल भारत कार्यक्रम के लिए 8,800 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यकाल को तीन साल के लिए बढ़ाया गया है।

वहीं दक्षिण तटीय रेलवे जोन के विकास के लिए बड़ा फैसला लिया गया। वहीं सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट ने नए आयकर बिल को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए 8,800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2026 तक कौशल भारत कार्यक्रम (एसआईपी) को जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी। इससे देशभर में भविष्य के लिए कुशल, मांग पर आधारित, तकनीकी रूप से सक्षम और औद्योगिक रूप से प्रशिक्षित युवाओं को तैयार किया जा सकेगा। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (पीएमकेवीवाई 4.0), प्रधान मंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (पीएम-एनएपीएस) और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना को जोड़ दिया गया। अब यह तीनों योजनाएं कौशल भारत कार्यक्रम का हिस्सा होंगी। नए आयकर बिल की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में घोषणा की थी। उन्होंने इस बिल को संसद के मौजूदा सत्र में पेश करने की बात कही थी। सूत्रों की मानें तो मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद अगले हफ्ते इसे संसद में पेश किया जाएगा। संसद की मंजूरी के बाद यह छह दशक पुराने आयकर कानून की जगह लेगा। नए विधेयक का उद्देश्य प्रत्यक्ष कर कानून को समझने को आसान बनाना और कोई नया कर बोझ नहीं डालना है। इसकी खास बात यह होगी कि प्रावधान और स्पष्टीकरण या लंबे वाक्य नहीं होंगे।





**वित्त समिति के पास भेजा जाएगा**

सूत्रों ने कहा कि अगले हफ्ते संसद में पेश किए जाने के बाद बिल को संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई 2024 के बजट में ही आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी।

### वाल्टेयर डिवीजन का नाम बदलने पर बनी सहमती

मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का कार्यकाल 31 मार्च 2025 के बाद तीन साल तक बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी। इस फैसले से सरकार पर लगभग 50.91 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। सरकार के इस फैसले से सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में मदद मिलेगी, सफाई क्षेत्र में काम करने की स्थिति में सुधार होगा और खतरनाक सफाई करते समय शून्य मृत्यु दर का लक्ष्य हासिल होगा।

वाल्टेयर डिवीजन के एक हिस्से को कायम रखते हुए विशाखापत्तनम डिवीजन नाम देने को मंजूरी मंत्रिमंडल ने दक्षिण रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन को संक्षिप्त रूप में बनाए रखने और इसका नाम बदलकर विशाखापत्तनम डिवीजन करने को मंजूरी दे दी। वाल्टेयर नाम एक औपनिवेशिक विरासत है जिसे बदलने की जरूरत है। वाल्टेयर डिवीजन का एक हिस्सा (जिसमें पलासा-विशाखापत्तनम-दुव्वाडा, कुनेरू - विजयनगरम, नौपाड़ा जंक्शन - परलाखेमुंडी, बोब्बिली जंक्शन - सलूर, सिम्हाचलम उत्तर-दुव्वाडा बाईपास, वडालापुडी-दुव्वाडा और विशाखापत्तनम स्टील प्लांट-जग्गयापलेम (लगभग 410 किमी) स्टेशनों के बीच के सेक्शन शामिल हैं) को नए दक्षिण तटीय रेलवे के तहत वाल्टेयर डिवीजन के रूप में बनाए रखा जाएगा। इसका नाम बदलकर विशाखापत्तनम डिवीजन रखा जाएगा। वहीं वाल्टेयर डिवीजन का दूसरा भाग, जिसमें कोट्टावलासा - बचेली, कुनेरू - थेरुवली जंक्शन, सिंगापुर रोड - कोरापुट जंक्शन और परलाखेमुंडी - गुनपुर (लगभग 680 किमी) स्टेशनों के बीच के खंड शामिल हैं, को पूर्वी तट रेलवे के तहत रायगढ़ में मुख्यालय के साथ एक नए डिवीजन में परिवर्तित किया जाएगा। वाल्टेयर डिवीजन को उसके संक्षिप्त रूप में भी बनाए रखने से क्षेत्र के लोगों की मांग और आकांक्षाएं पूरी होंगी। सीबीडीटी ने समीक्षा की देखरेख करने और अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया था, जिससे विवाद, मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को अधिक कर निश्चितता मिलेगी। आयकर अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए 22 विशेष उप-समितियां बनाई गई हैं। चार श्रेणियों में जनता के इनपुट और सुझाव आमंत्रित किए गए थे। ये श्रेणियां हैं भाषा का सरलीकरण, मुकदमेबाजी में कमी, अनुपालन में कमी और अनावश्यक-अप्रचलित प्रावधान। आयकर विभाग को आयकर अधिनियम की समीक्षा पर हितधारकों से 6,500 सुझाव मिले हैं। इससे यह प्रयास किया जा रहा है कि युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा सके। जिससे वह अपना रोजगार खड़ा कर सके। आत्मनिर्भर हो सके।

# न्यायपालिका का नहीं करें गलत इस्तेमाल : उपराष्ट्रपति

**केटी न्यूज/बेंगलुरू**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को न्यायपालिका के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में न्यायपालिका तक पहुंच के अधिकार को एक हथियार के तौर इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसा किसी अन्य देश में नहीं हो रहा है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने को लेकर भी राय रखी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया के सबसे पुराने, सबसे मजबूत, सबसे प्रगतिशील और सबसे जीवंत लोकतंत्र वाले देश की चुनावी प्रक्रिया को गलत तरीके से प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। कर्नाटक के हावेरी जिले के रानेबेन्नूर में आयोजित कर्नाटक वैभव साहित्य और सांस्कृतिक महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में धनखड़ ने कहा कि विभाजनकारी ताकतें अलग-अलग तरीकों से काम करती हैं। उन्होंने नए रास्ते अपनाए हैं और कई मुद्दों पर आप देखेंगे कि वे न्यायपालिका की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं चिंतित हूं क्योंकि हमारे संविधान ने प्रत्येक व्यक्ति को न्यायिक प्रणाली के भीतर अधिकार दिया है। वह हर किसी को न्यायालय की शरण लेने का अधिकार है। लेकिन हाल के वर्षों में



राष्ट्र-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए धन का इस्तेमाल किया गया है और न्यायपालिका तक पहुंच को हथियार बनाया गया है। ऐसा किसी अन्य देश में नहीं हो रहा है। देश को चुनौती देने और राष्ट्रवाद तथा क्षेत्रवाद के बीच टकराव पैदा करने की कोशिश करने वाली ताकतों को कड़ा जवाब देने की जरूरत है। वे हमारी सांस्कृतिक विरासत को कमजोर करना चाहते हैं। धनखड़ ने देश के सांस्कृतिक दर्शन को बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज जब मैं एक तरफ देखता हूं, तो दुनिया और देश के लोगों की नजर से भारत की प्रगति देखता हूं। हम उसी डाल को काटने की कोशिश कर रहे हैं, जिस पर बैठे हैं। उन्होंने कहा, आईएमएफ, विश्व बैंक जैसे विश्व के प्रमुख संस्थान कहते हैं कि यदि दुनिया में निवेश, अवसर और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए कोई चमकता सितारा है, तो वह भारत है।

# 12 फरवरी को अमेरिका दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 फरवरी को अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी की पहली अमेरिका यात्रा है। विदेश मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे की पुष्टि की गई। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर पीएम मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। मिसरी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उद्घाटन के बाद अमेरिका का दौरा करने वाले पहले कुछ विश्व नेताओं में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, यह तथ्य कि नए प्रशासन के पदभार ग्रहण करने के बमुश्किल तीन सप्ताह के भीतर प्रधानमंत्री को अमेरिका आने का निमंत्रण मिला है। विदेश सचिव ने कहा कि पीएम को निमंत्रण भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्व को दशार्ता है। यह अमेरिका में इस साझेदारी को प्राप्त द्विदलीय समर्थन को भी दर्शाता है। अमेरिका से अवैध भारतीय अप्रवासियों के निर्वासन पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि विदेश मंत्री की तरफ से प्रतिबंधों के उपयोग से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया पर चर्चा होगी।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोटर्स लिस्ट में हुआ है फर्जीवाड़ा : राहुल

**किया हमला**

**एजेंसी/मुंबई**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में फर्जी तरीके से वोटर्स जोड़े जाने का आरोप लगाया है। राहुल ने दिल्ली में शिवसेना सांसद संजय राउत और सांसद सुप्रिया सुले के साथ प्रेसवार्ता की। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी हुई। वोटर लिस्ट में नए मतदाता जोड़े गए, ताकि भाजपा की जीत हो सके। राहुल ने इलेक्शन कमीशन से वोटर्स का डेटा मांगा है। इसे लेकर चुनाव आयोग ने पोस्ट में कहा कि मतदाता सबसे पहले आते हैं, इसके बाद सभी पॉलिटिकल पार्टियां चुनाव की प्रमुख स्टेकहोल्डर हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के लिए पांच साल में महाराष्ट्र में 32 लाख वोटर्स जोड़े गए। जबकि इसके पांच महीने बाद विधानसभा चुनाव के लिए 39 लाख वोटर्स को जोड़ा गया। उन्होंने चुनाव आयोग से पूछा कि पांच महीने में पांच साल से ज्यादा वोटर्स कैसे जोड़े गए। विधानसभा चुनाव में राज्य की कुल वयस्क आबादी से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर्स कैसे थे। राहुल ने कहा कि इसका एक उदाहरण कामठी विधानसभा है। जहां भाजपा की जीत का अंतर लगभग उतना ही है जितने नए वोटर्स जोड़े गए। राहुल ने कहा- लोकसभा से पहले 32 लाख और विधानसभा से पहले 39 लाख वोट जोड़े गए। 5 महीने के भीतर 7 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं।

## अभी महाकुंभ 19 दिन शेष है स्नान करने वालों की संख्या 50 करोड़ के पार की उम्मीद

# महाकुंभ : वसंत पंचमी के बाद भी नहीं कम हो रही जन आस्था, स्नानार्थियों की संख्या पहुंची 40 करोड़ के पार

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। शुक्रवार को स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के पार पहुंच गई। वसंत पंचमी के बाद एकाएक भीड़ और बढ़ गई है। मेले में वाहनों का प्रवेश भी रोक दिया गया है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में शुक्रवार तक स्नान करने वालों की संख्या 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। अभी महाकुंभ 19 दिन शेष है और पूरी उम्मीद है कि स्नान करने वालों की संख्या



50 करोड़ के पार जा सकती है। अब तक स्नान करने वालों पर विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल है।




# बोले सीएम नीतीश... सूबे में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा, जनता को मिलेगा लाभ

♦ जमुई को सीएम नीतीश ने दी बड़ी सौगात, 890 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन



**केटी न्यूज/जमुई**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपनी प्रगति यात्रा के तहत जमुई जिले का दौरा किया। जहां उन्होंने करीब 890 करोड़ रुपये की लागत से 16 महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और 58 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में बुनियादी ढांचे के विकास, जल जीवन हरियाली अभियान, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और खेल सुविधाओं से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री गढ़ी थाना क्षेत्र के धावाटांड़ मैदान में हेलीकॉप्टर से पहुंचे। वहां से उन्होंने गढ़ी डैम के पास विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सड़क निर्माण, सिंचाई सुविधाओं, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास की कई योजनाएं शामिल थीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में विकास कार्यों की गति को और तेज किया जाएगा, ताकि आम जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। सोनपे मैदान पहुंचे, जहां पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय महिला डिग्री कॉलेज, महिला थाना, संयुक्त श्रम भवन, खेल मैदान, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र और जल जीवन हरियाली अभियान के तहत निर्मित तालाब समेत कई जनहितकारी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजकीय महिला डिग्री कॉलेज और महिला थाना के उद्घाटन को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सुरक्षा के बेहतर संसाधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। जमुई जिले में लोगों की मांगों को लेकर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आप जानते हैं कि हम लोगों ने जमुई जिले में विकास का काफी काम कराया है, फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गई है उसे पूरा किया जाएगा।

### सभी योजनाओं को जल्द किया जाएगा पूरा

वभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण इसके बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इन स्टॉलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, मनरेगा और उद्यान विभाग से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से सरकारी अतिथि गृह पहुंचे, जहां उन्होंने अल्प विश्राम किया। इसके बाद वह जमुई समाहरणालय स्थित संवाद कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा करेंगे और आवश्यक निर्देश देंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दौरे के दौरान कहा कि बिहार सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आधार भूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। सभी विकास योजनाओं को समय पर पूरा किया जाए और जनता को उनके लाभ से वंचित न किया जाए।

## सीबीआई का आरोप- रेलवे में ग्रुप-डी की भर्तियों में किया गया था घोटाला

# लैंड फॉर जॉब : विशेष अदालत ने सीबीआई से मांगा स्पष्टीकरण

♦ अदालत 17 फरवरी को इस पर निर्णय लेगी कि चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाए या नहीं



**केटी न्यूज/पटना**

लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले कुछ कानूनी पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। अब अदालत 17 फरवरी को इस पर निर्णय लेगी कि चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। पूर्व रेल मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खिलाफ लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में दायर चार्जशीट पर अदालत ने संज्ञान लेने का फैसला 17 फरवरी तक टाल दिया है। दिल्ली की विशेष अदालत में शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई हुई, जिसमें विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने सीबीआई से कुछ और स्पष्टीकरण मांगे। दरअसल, सीबीआई ने 30 जनवरी को अदालत को बताया था कि उसने इस मामले में अभियोजन की मंजूरी प्राप्त कर ली है। इसमें आरके. महाजन सहित अन्य सभी आरोपी शामिल हैं, जो कि एक सरकारी अधिकारी थे। इसके बाद अदालत ने सीबीआई से चार्जशीट में उल्लिखित आरोपों की समानता और भिन्नता को स्पष्ट करने को कहा था।

**सीबीआई ने नवंबर में जमा कराई थी चार्जशीट :** जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने 26 नवंबर 2023 को अदालत में इस मामले में 30 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी के लिए आवश्यक स्वीकृति प्रस्तुत की थी। हालांकि, उस समय आरके महाजन के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी अभी लंबित थी। सीबीआई का आरोप है कि लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए 2004 से 2009 के बीच रेलवे में ग्रुप-डी की भर्तियों में घोटाला किया गया था। जांच एजेंसी के अनुसार, रेलवे में नौकरी देने के बदले उम्मीदवारों से जमीन की रिश्वत ली गई। ये जमीनें लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों या उनके करीबियों के नाम पर गिफ्ट या ट्रांसफर कराई गई थीं। सीबीआई के मुताबिक, जब लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे, उस दौरान पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर (मध्य प्रदेश) में ग्रुप-डी की नौकरियों के बदले लोगों से जमीन ली गई। इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियां, कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारी और निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सीबीआई ने यह मामला 18 मई 2022 को दर्ज किया था। जांच में यह सामने आया कि रेलवे की नौकरी पाने वालों ने या तो अपनी जमीनें लालू परिवार के किसी सदस्य के नाम ट्रांसफर कीं या बेहद सस्ते दामों पर बेचीं।

**17 फरवरी को आएगा बड़ा फैसला:** अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले कुछ कानूनी पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। अब अदालत 17 फरवरी को इस पर निर्णय लेगी कि चार्जशीट पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। अगर अदालत सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान लेती है, तो लालू प्रसाद यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ ट्रायल शुरू हो सकता है। राऊज एवेन्यु कोर्ट में 17 फरवरी को सुनवाईलैंड फॉर जॉब से संबंधित सीबीआई से जुड़े मामले में राऊज एवेन्यु कोर्ट 17 फरवरी को सुनवाई करेगा। कोर्ट सीबीआई की ओर से दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर सुनवाई करेगा। राऊज एवेन्यु कोर्ट के विशेष सत्र न्यायाधीश विशाल गोगने ने सीबीआई द्वारा दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने को लेकर सुनवाई करेगी।

**78 लोगों को बनाया गया आरोपी :** सीबीआई ने दायर अंतिम चार्जशीट में 78 लोगों को आरोपी बनाया है। सीबीआई के मुताबिक 38 कैंडिडेट्स हैं इसके अलावा कुछ अधिकारी शामिल हैं. सीबीआई ने 6 मार्च को इस मामले में तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल किया था। जिसमें भोला यादव को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई द्वारा दाखिल पूरक आरोप पत्र में कहा गया है कि भोला यादव लालू प्रसाद यादव के सचिव रह चुके है और वही सभी काम देखते थे। भोला यादव ही अधिकारियों को निर्देश देते थे। इस मामले में लालू प्रसाद यादव सहित उनके परिवार के पांच सदस्य आरोपी है। इसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मीसा भारती और हेमा यादव शामिल है। वही ईडी के मामले में कोर्ट ने 7 मार्च को राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी।

## अनियंत्रित होकर पलटी गाड़ी, दो लोगों की मौके पर मौत

**पूर्णिया।** पूर्णिया में ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से ऑटो ड्राइवर सहित दो की मौत हो गई। वहीं तीन यात्री घायल हो गए। तीनों को पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। तीनों का इलाज जारी है। घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के अमारी गांव के समीप के पास शुक्रवार शाम भूसा लोड एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय ऑटो में ड्राइवर सहित पांच लोग सवार थे। इस दुर्घटना में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन-फानन में जीएमसीएच पूर्णिया में भर्ती कराया। इलाज के दौरान एक अन्य युवक की भी मौत हो गई, जबकि तीन घायलों का इलाज जारी है।

# महाकुंभ स्नान को गए पांच परिवारों के घरों में चोरों का धावा, 15 लाख की संपत्ति को किया साफ

**केटी न्यूज/पटना**

महाकुंभ स्नान करने के गए पांच परिवारों के घरों में चारों ने जमकर तांड़व मचाया। इन घरों से करीब पंद्रह लाख रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने घरों के टूटे ताले देख पुलिस को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

**महाकुंभ स्नान और ससुराल गए थे परिवार:** जिन घरों में चोरी हुई उनके परिजनों के मुताबिक, एक परिवार अपने ससुराल गया हुआ था, जबकि तीन परिवार महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज गए थे। वहीं, एक परिवार दिल्ली में रहता है। चोरों ने घरों के सूने होने की खबर



मिलते ही इस वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घरों में घुसने के बाद बक्से और अलमारियों के ताले भी तोड़ दिए और वहां रखी नकदी, जेवरात और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। लोग पुलिस से डॉग स्क्वाड को बुलाने की मांग कर रहे हैं। इंदिरा सिनेमा हॉल के पीछे बसे मोहल्ले में धर्मेंद्र पासवान के घर से पांच लाख रुपये नकदी और सोने-चांदी के गहनों सहित कुल नौ लाख की चोरी हुई। घटना से एक दिन पहले धर्मेंद्र पासवान अपने ससुराल बाढ़ गए थे। वहीं, संतोष कुमार, शशिकांत कुमार और नवीन मंडल प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने गए थे। इन तीनों के घरों को भी चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। एक अन्य घर में भी चोरी हुई, लेकिन उसकी पूरी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। इंदिरा सिनेमा हॉल के पीछे बसे मोहल्ले में धर्मेंद्र पासवान के घर से पांच लाख रुपये नकदी और सोने-चांदी के गहनों सहित कुल नौ लाख की चोरी हुई। वहीं, संतोष कुमार, शशिकांत कुमार और नवीन मंडल प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने गए थे।






## 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए दो पुलिस अधिकारी

पटना। बिहार की राजधानी पटना में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यहां एजेंसी ने रूपसपुर थाना के दो पुलिस अवर निरीक्षकों रंजीत कुमार और फिरदौश आलम को 50,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई लोकनायक जय प्रकाश अस्पताल शास्त्रीनगर पटना के मेन गेट के सामने मुशहरी टोला के पास की गई। यह बिहार में इस साल की पांचवीं बड़ी कार्रवाई और तीसरा ट्रैप ऑपरेशन है। जानकारी के मुताबिक, मामले का खुलासा तब हुआ जब परिवादी तुषार कुमार पाण्डेय निवासी अमहरूआ भोजपुर (वर्तमान में पटना) ने पांच फरवरी 2025 को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई।

# शिक्षा विभाग ने जारी की गाइड लाइन, चार चरणों में होगी शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में लंबे समय से ट्रांसफर पोस्टिंग का इंतजार कर रहे शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। शिक्षा विभाग ने शिक्षकों का ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर नया गाइडलाइन जारी कर दिया है। नई गाइडलाइन के मुताबिक, चार चरण में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की जाएगी। दरअसल, शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है। चार चरण में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग होनी है। पहले चरण में उन शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाएगा जो असाध्य रोग, गंभीर स्वास्थ्य समस्या, दिव्यांगता, मानसिक दिव्यांगता और




विधवा एवं परित्यक्ता की श्रेणी में आते हैं। जबकि दूसरे चरण में पति-पत्नी के पदस्थापन के आधार पर शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाएगा। वहीं तीसरे चरण में वैसे महिला शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाएगा जिन्होंने ऐच्छिक स्थान से पदस्थापन की दूरी को कारण बताते हुए ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है जबकि चौथे चरण में वैसे पुरुष शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाएगा। जिन्होंने ऐच्छिक स्थान से पदस्थापन की दूरी को कारण बताते हुए ट्रांसफर के लिए आवेदन किया है। 1 दिसंबर 2024 से 15 दिसंबर 2024 तक कुल 1 लाख 90 हजार शिक्षकों ने विशेष समस्या के तहत ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था।ऐसे शिक्षक जिनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही, निलंबन, निगरानी जांच, फर्जी नियुक्ति से संबंधित जांच, अन्य तरह के आरोपों की जांच, बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित की शिकायत, सरकारी राशि का बकाया है तो इसकी जानकारी ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर शिक्षक के प्रोफाइल में की जाएगी। ऐसे शिक्षकों के लिए भी शिक्षा विभाग की तरफ से गाइडलाइन जारी किए गए हैं।






## बिहार में दिवाली और छठ के बाद ही मतदान होने की पूरी संभावना

# 4 लाख वोटरों का कटा नाम, बढ़े 8 लाख मतदाता

♦ चुनाव की तारीखों की घोषणा सितंबर के आखिर में होने की संभावना

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। चुनाव आयोग की टीम होली से पहले बिहार का दौरा करेगी। ये दौरा दो दिन का होगा। डीएम, मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ बैठक होगी। आयकर, उत्पाद विभाग समेत अन्य एजेंसियों के अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। चुनाव नवंबर में होने की संभावना है। दिवाली और छठ के बाद ही मतदान हो सकता है। चुनाव की तारीखों का ऐलान सितंबर के अंत में हो सकता है। ईवीएम और वीवीपैट की जांच होगी। पटना के अलावा भागलपुर और मुजफ्फरपुर जैसे जिलों का भी दौरा होगा। एनडीए और महागठबंधन के बीच मुकाबला होगा। वोटर लिस्ट से 4 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए हैं। 7 लाख से ज्यादा नए वोटर जुड़े हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार की वोटर लिस्ट से 4,09,434 वोटरों के नाम हटाए गए हैं। इनमें 1,71,421 महिला वोटर, 2,37,967 पुरुष वोटर और 46 ट्रांसजेंडर वोटर शामिल हैं। वहीं, 7,94,466 नए वोटरों के नाम जोड़े गए हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने को लेकर काफी विवाद हुआ था। बिहार में भी चुनाव नजदीक आने पर इस तरह के विवाद हो सकते हैं। नालंदा, मधुबनी, किशनगंज और अररिया जैसे जिलों में महिला वोटरों के नाम ज्यादा संख्या में काटे गए हैं।

**होली से पहले आएगी आयोग की टीम:** चुनाव आयोग की टीम बिहार में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने आ रही है। यह टीम होली से पहले दो दिनों के लिए बिहार आएगी। इस दौरान वे जिला पदाधिकारियों, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ बैठकें करेंगी। इन बैठकों में आयकर विभाग, उत्पाद विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करना है। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की उम्मीद है। चूंकि अक्टूबर में दिवाली और छठ जैसे प्रमुख त्योहार हैं, इसलिए चुनाव आयोग त्योहारों के बाद ही मतदान कराएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो। चुनाव आयोग की टीम पटना में अधिकारियों के साथ बैठक करने के अलावा, राज्य के अन्य जिलों का भी दौरा करेगी। भागलपुर और मुजफ्फरपुर जैसे जिलों में जाकर वे स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

# बक्सर में अपराध नियंत्रण के लिए अब लागू होगी बीट सिस्टम पुलिसिंग व्यवस्था: डीआईजी


परेड का अवलोकन करते डीआईजी व एसपी।

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार को शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश बक्सर में थे। वे एसपी कार्यालय व पुलिस लाईन का निरीक्षण करने के बाद एसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अपराध पर नियंत्रण लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस गश्त बढ़ाया जाए। इसके लिए सभी थाना रूटीन वाइज गश्त चलाए। डीआईजी ने कहा कि पंचायत स्तर तक की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होनी चाहिए।

वहीं, अंत में उन्होंने समाहरणालय परिसर के उपरी तल्ले में बने नये एसपी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। इस दौरान बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी शुभम आर्य, सदर डीएसपी धीरज कुमार, डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी समेत सभी पुलिस पदाधिकारी व जिले के सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।



डीआईजी का यह पहला बक्सर दौरा था तथा वे सबसे पहले एसपी कार्यालय का निरीक्षण किये। इस दौरान कई दिशा निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय के कार्यो का जानकारी ली।

डीआईजी ने लंबित कांडों की अविलंब निष्पादन को लेकर भी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावे डीआईजी ने अन्य बिन्दुओं पर पुलिस अधीक्षक से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए अब बीट सिस्टम पुलिसिंग व्यवस्था लागू होगी। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह व्यवस्था शुरू की जायेगी। बीट सिस्टम पुलिसिंग व्यवस्था लागू होने पर डकैती व चोरी सहित अन्य किसी भी तरह की घटना होने पर इलाके के पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि अब तक जितने थानों में लंबित कांड है, थानावार समीक्षा कर त्वरित निष्पादन किया जाय अन्यथा अधिकारियों पर कार्रवाई की जाये।



### सीएम दौरे की तैयारी व रूट चार्ट की ली जानकारी

डीआईजी ने एसपी के साथ बक्सर में होने वाले मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की और जायजा लिया साथ ही रूट चार्ट व ट्रैफिक व्यवस्था पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श की। जहा उन्होंने कहा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हो। इसके लिए कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विमर्श करते हुए कहा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई रुकावट अड़चन न उत्पन हो सके। इसके पहले सारी तैयारियां रहनी चाहिए। डीआईजी ने मुख्यमंत्री के सुरक्षा के लिए अबतक की तैयारियों को भी परखा। तथा कई बिंदुओं पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया।

---

**वासुदेवा थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास एनएच 120 पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन**

# बस से उतरने के दौरान फिसला मासूम गिरा पहिया के पास, कुचलकर हुई मौत

♦ सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस, ग्रामीणों को समझाकर हटवाया जाम

**केसठ/नावानगर**

डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर मुकुंदडेरा गांव के समीप एनएच 120 पर एक मासूम की बस से कुचलकर मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर कर दिया था। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही थी। मृतक की पहचान स्थानीय मुकुंदडेरा गांव निवासी सुनील कुमार राय के चार वर्षीय पुत्र अभिमन्यु कुमार के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त मासूम अपनी मां व मामा के साथ ननिहाल चौसा से आ रहा था तथा डुमरांव स्टेशन पर टेज्न से उतरने के



बाद बस से अपने गांव जा रहा था। कोरानसराय में उसका मामा बस से उतर गया था, जबकि मां अकेले दो बच्चों के साथ बस में थी। मुकुंदडेरा के पास जैसे ही बस रूकी कि बस से नीचे उतरने के दौरान वह फिसलकर बस के नीचे जा गिरा। इससे अनभिज्ञ बस चालक ने गाड़ी आगे बढ़ा दी, जिस कारण पिछले पहिया से कुचल उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना को देख उसकी मां विलाप कर उठी, इधर चालक बस लेकर फरार हो गया।

उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। आनन फानन में मृतक की मां और ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। हालांकि, बाद में पुलिस के समझाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। वहीं, इस घटना के बाद से मृतक की मां बेसुध हो गई थी। जबकि, परिवार में क्रंदन चित्कार मच गया था।

इसकी पुष्टि करते वासुदेवा थानाध्यक्ष मधुबाला भारती ने बताया कि डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर बस के चपेट में आने से मासूम की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने

## रेलवे ट्रैक के पास से अज्ञात महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय रेल खंड के डुमरांव व वरूणा रेलवे स्टेशनों के बीच अप लाईन के करीब एक 35 वर्षीय महिला का शव मिला है। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची डुमरांव पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजी।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। अपर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने बताया कि महिला हरे रंग की साड़ी पहने हुए थी तथा उसका चेहरा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। उन्होंने बताया कि महिला की शिनाख्त के लिए उसकी तस्वीर को आस पास के थानों, साइबर सेनानी ग्रुपों तथा सोसल साइड पर डाल पहचान की अपील



की गई है। वहीं, आशंका जताई जा रही है कि महिला ट्रेन से सफर के दौरान गिर गई होगी। ट्रेन से गिरने के कारण ही उसका शव टैज्क से कुछ दूर जा गिरा था, जिस कारण रेल पुलिस इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का बता रही थी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने शव को बरामद कर जांच पड़ताल में जुट गई है। अपर थानाध्यक्ष ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह कहा जा सकता है कि महिला की मौत कैसे हुई है।

## जिले में शुरू हुआ सुगम्यता ऑडिट

**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा ह्यसुगम्य यात्राह्ण दल को हरी झण्डी दिखाकर समाहरणालय परिसर बक्सर से रवाना किया गया। सुगम्य यात्रा दल एक पांच सदस्यीय टीम है। जिसमें शशांक सिंह सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग बक्सर, हेमंत कुमार साह स्पीच एंड हियरिंग टेक्नीशियन बुनियाद केंद्र बक्सर, शुभम कुमार कार्यकारिणी सचिव देव एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट बक्सर, मनोरंजन कुमार सचिव अयानत एनजीओ, अंजू कुमारी दिव्यांग सदस्य एवं राज्य महिला प्रकोष्ठ सह बक्सर जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी पीडब्ल्यूडी संघ सम्मिलित हैं। जिलाधिकारी द्वारा उक्त दल को निदेशित किया गया कि सार्वजनिक स्थलों यथा रेलवे स्टेशन, सदर अस्पताल, बुनियाद केंद्र, समाहरणालय परिसर, रामरेखा घाट इत्यादि पर पहुंच मानकों के अनुपालन हेतु जागरूकता विकसित करते हुए यस टू एक्सेस एप के माध्यम से संग्रहण करने हेतु सुगम्यता आंकड़ों का अपने स्तर से सरकारी/निजी भवनों व स्थलों का चयन करते हुए सुगम्यता ऑडिट करना सुनिश्चित करेंगे। सभी निजी/सरकारी सार्वजनिक भवनों/स्थलों तथा कार्यालय प्रधानों को निर्देश दिया गया है कि सुगम्यता यात्रा के दौरान सुगम्यता ऑडिट में आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

## सड़क पर महिला के गले से सोने का लॉकेट लूटकर भागे बदमाश

**केटी न्यूज/नावानगर**

सड़क पर अगर आप पैदल कही जा रहे है तो सावधान रहने की जरूरत है। क्योंकि इन दिनों बदमाशों की नजर आपके गले में पहने सोने के आभूषणों पर है। ये बदमाश मौका पाकर वारदात को अंजाम देते हैं। ऐसा ही एक मामला एनएच 319 पर सोनवर्षा थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार से सामने आया है। जहां महिला के गले से सोने की लॉकेट (ढोलना) खींचकर बदमाश ले गए। घटना के समय महिला एक निजी स्कूल की छुट्टी होने के बाद अपने बच्चे को साथ लेकर वापस घर आ रही थी। इस दौरान बाजार के पास सड़क पर लोगों की आवाजाही कम होता देखकर फायदा उठाकर बदमाशों ने महिला के गले से लॉकेट खींचकर बाइक से भाग निकले।

हालांकि महिला ने शोर मचाया, पर जब तक लोग मामला को समझते बाइक सवार बदमाश भाग निकले थे। इस संबंध में पीड़ित महिला इन्दु कुमारी ने सोनवर्षा थाना में अज्ञात बदमाशों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर पुलिस घटना के आसपास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी हुई है। इधर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि सीसीटीवी के माध्यम बदमाशों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।




## अमान्य संस्थान की डिग्री पर शिक्षिकाओं को किया गया चयनमुक्त, मचा हड़कंप

♦ राजपुर के छितनडिहरा मध्य विद्यालय में वर्षों से कार्यरत थी दोनों

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर प्रखंड में वर्षों से अमान्य संस्थान की डिग्री पर बहाल दो शिक्षिकाओं को चयनमुक्त कर दिया गया है। चयनमुक्त की कार्रवाई प्रखंड नियोजन समिति के सचिव सह बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने की है। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छितनडिहरा मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका विद्यावती देवी एवं कुमारी सारिका वर्ष 2021 में तत्कालीन बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने नियुक्ति में अमान्य संस्थान की डिग्री देने पर इनसे स्पष्टीकरण मांगा था। इसी को आधार बनाते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास मार्गदर्शन का पत्र भेजा गया था। जिस पत्र के आलोक में पिछले 21 जनवरी 2025 को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार इन दोनों शिक्षिकाओं का मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का शैक्षणिक प्रमाण पत्र द सेंट्रल बोर्ड आफ हायर एजुकेशन न्यू दिल्ली का पाया गया जो शिक्षा विभाग के द्वारा अमान्य संस्थान है। जानकारी के अनुसार दिनारा निवासी अमरनाथ पांडेय ने इन दोनों शिक्षिकाओं के प्रमाणपत्रों को अमान्य बताते हुए विभाग को पत्र लिख इसकी जांच कराने की मांग की थी। इसी पत्र के आलोक में लंबे समय तक चली जांच प्रक्रिया के बाद यह कार्रवाई की गई है।

बीडीओ सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि दोनों शिक्षिकाएं जिस प्रमाण पत्र पर नियुक्त हुई थी, उस संस्थान को शिक्षा विभाग ने अमान्य संस्थान की सूची में शामिल किया है। जिसके आलोक में इन्हें चयन मुक्त किया गया है।

## ट्रैक्टर का टायर फटाने से चपेट में आया बुजुर्ग, मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

इटाढ़ी-नारायणपुर मार्ग पर पकड़ी मोड़ के पास चलती ट्रैक्टर का अचानक टायर फट गया। जिससे ट्रैक्टर असंतुलित हो गई। असंतुलित ट्रैक्टर के चपेट में एक वृद्ध आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। उक्त घटना को देख ग्रामीण इकठ्ठा हो गए और ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस पहुंचने पर चालक को हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ट्रैक्टर व शव को कब्जे में ले। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई तथा घटना की जांच में जुट गई। घटना शुक्रवार देर शाम की है।

मिली जानकारी के अनुसार इटाढ़ी से नारायणपुर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर जा रहा था। तभी पकड़ी गांव के पास ट्रैक्टर का अचानक से टायर फट गया। जिससे तेज आवाज हुई व ट्रैक्टर असंतुलित हो गया। पकड़ी गांव निवासी 70 वर्षीय वृद्ध लाली यादव सड़क से होकर घर जा रहे थे। असंतुलित ट्रैक्टर के चपेट में आ गए। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। इस घटना की जानकारी पर ग्रामीण पहुंचते घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं, ट्रैक्टर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पहुंची पुलिस को ग्रामीणों द्वारा चालक को हवाले कर दिया। वही, पुलिस ट्रैक्टर व शव को कब्जे में ले मामले की जांच में जुट गई। वही, मृतक के परिजनों को भी सूचना दी गई। बताया जाता है कि मृतक परिजन महाकुम्भ गए हुए है।

इटाढ़ी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच शव व ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। वही, मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। उनके आने का इंतजार किया जा रहा है।







**बोले कांग्रेसी... भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार पर पीएम की चुप्पी निंदनीय**

# अमेरिका के कुकृत्य पर पीएम मोदी को लेना चाहिए एक्शन : डॉ. मनोज

♦ प्रधानमंत्री इस्तीफा दो के नारे के साथ निकाला गया विरोध मार्च

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिला कांग्रेस कमेटि के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय के नेतृत्व में शुक्रवार को बक्सर नहर सिंडिकेट के पास अमेरिका से अप्रवासी भारतीयों को कैदियों की तरह वापस करने के विरोध में देश के प्रधानमंत्री के इस्तीफा दो के नारे के साथ विरोध मार्च निकाल जोरदार प्रदर्शन किया गया।



इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. पांडेय ने कहा कि यह अवमानिय कृत्य है कि भारत सरकार एक शब्द भी अमेरिका के विरुद्ध नहीं बोला। हमारे प्रवासी भारतीयों को कैदी की तरह बेड़ियो में बांधकर क्यों भेजा गया। सरकार ने जिस प्रकार से अमेरिका द्वारा किए गए कृत्य पर एक शब्द नहीं बोला उसे पूरा देश शर्मसार हो रहा है। डॉ. पांडेय ने कहा कि 56 इंची की छाती अमेरिका के आगे 13 इंच तक सिकुड़ कर आ गई हैं। डॉ. पांडेय ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि विदेश मंत्री का बयान कल संसद में आया कि इसी तरह से लाया जाता है, यह निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि विदेशमंत्री ने अप्रवासी भारतीयों को अपमानित किया है।

इस मौके पर कुमकुम देवी, बब्बन सेठ, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष लक्ष्मण उपाध्याय, अभय मिश्र, रोहित उपाध्याय, बबन तुरहा, त्रियोगी नारायण मिश्र, रघुनाथ तिवारी, उपेंद्र कुमार, अजय यादव, अशोक लाल सहित सैकड़ो लोगों ने नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के विदेशमंत्री का विरोध जताया।

# बिजली का बिल बकाया रखने वालों पर विभाग सख्त, अब तक काटी जा चुकी है 650 की बिजली

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में बिजली विपत्र का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई है। बिजली कंपनी अब वैसे उपभोक्ताओं की बिजली काट रही है, जिनपर पांच हजार रूपए से अधिक का विपत्र बकाया है। डुमरांव के सहायक विद्युत अभियंता राकेश कुमार दूबे ने बताया कि पांच हजार रूपए से अधिक के विपत्र का बकाया रखने वाले अबतक 650 से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा चुकी है, जबकि अन्य उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनकी

♦ उपभोक्ताओं पर विभाग का 50 लाख से अधिक राजस्व का बकाया, मार्च के पहले वसूली का रखा गया है लक्ष्य

बिजली काटी जाएगी। उन्होंने कहा कि मार्च तक शत प्रतिशत राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसे पूरा करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए है।

**उपभोक्ताओं पर बकाया है 50 लाख से अधिक का राजस्व :** सहायक अभियंता ने बताया कि डुमरांव शहरी क्षेत्र में 12 हजार 409 शहरी उपभोक्ता है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के 43 हजार 690 उपभोक्ताओं को मिला कुल 56099 उपभोक्ता है। जबकि कुल 50 लाख रूपए का राजस्व बकाया है।

**5000 से अधिक बकाया रखने वालों की कट रहा कनेक्शन**



**बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान :** एक तरफ बकाया विपत्र का भुगतान नहीं करने वालों की बिजली काटी जा रही है तो दूसरी तरफ चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफ भी बिजली विभाग की टीम अभियान चला रही है तथा चोरी से बिजली जलाने वालों पर जुमार्ना के साथ एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है।

**उपभोक्ताओं के खिलाफ की जाएगी कानूनी कार्रवाई**

बिजली एसडीओ ने बताया कि 31 मार्च तक राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और विपत्र का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली काटी जा रही है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भी दर्जनों उपभोक्ताओं की बिजली काटी गई है। इस दौरान कोरानसराय, सुघरडेरा सहित कई जगहों पर अभियान चला, विभाग के विपत्र का भुगतान नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया। एसडीओ ने कहा कि विपत्र का भुगतान नहीं करने पर ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिससे बकाएदार उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई है।

पिछले 24 घंटे के दौरान ग्रामीण एसडीओ अर्जुन वर्मा के नेतृत्व में कई जगहों पर छापेमारी अभियान चला चोरी से बिजली जलाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अकालुपुर के अनंत भारती पर विद्युत मीटर को बाईपास करते विद्युत उर्जा की चोरी के आरोप में सतहत्तर हजार 916 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है।

वहीं, चौगाईं प्रशाखा के जेई शैलेश कुमार ने सोवां गांव में छापेमारी अभियान चला लालमुनी देवी पति स्व. दिनेश यादव चोरी से बिजली जला रही थी। उस पर पूर्व से 17 हजार 702 रूपया बकाया था, जिस कारण विभाग ने उसका विद्युत काट दिया था। वह, टोका फंसा बिजली जला रही थी। जेई ने उस पर 11 हजार 700 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। वहीं, सतेन्द्र यादव पिता स्व. हरि प्रसाद यादव पर पूर्व में 21 हजार 917 रूपया बकाया था तथा वह टोका फंसा बिजली चोरी करते पकड़ा गया। उस पर 2999 का जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया। जबकि मनोहर शर्मा पिता कोशो शर्मा पर पूर्व से 12 हजार 370 रूपया बकाया था, वह मीटर से पहले सर्विस तार को छिलकर एवं अन्य तार जोड़कर उक्त विद्युत मीटर को बाईपास करते हुए बिजली चोरी कर रहा था, उस पर छत्तीस हजार छः रुपए का जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया

## सदर अस्पताल में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने एचपीवी टीकाकरण शिविर का किया उद्घाटन

# बच्चियों के लिए एचपीवी का टीका पूरी तरह से सुरक्षित, करेगा कैंसर से बचाव : डीएम

♦ मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत 9 से 14 वर्ष तक की बच्चियों को किया जा रहा टीकाकृत



**केटी न्यूज/बक्सर**

मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत जिले में शुरू हुए ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान मील का पत्थर साबित होगा। हम सभी जानते हैं कि कैंसर कितनी खतरनाक बीमारी है। हाल के दिनों में एक उम्र के बाद महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। उसी से बचाव के लिए सरकार द्वारा 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं का निःशुल्क टीकाकरण की शुरूआत की गई है। उक्त बातें जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने सदर अस्पताल में आयोजित टीकाकरण शिविर के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण के पहले दिन जासो कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय की बच्चियों को टीकाकृत किया जा रहा है। इसके बाद एक एक कर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बच्चियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। तत्पश्चात राजकीय बालिका उच्च विद्यालयों के बच्चियों को टीकाकृत करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि कैंसर के खिलाफ शुरू किए गए इस अभियान का टीका पूरी तरह से सुरक्षित है, जो भविष्य में इन बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में कारगर रहेगा।

**मील का पत्थर साबित होगा एचपीवी का टीका**


जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. विनोद प्रताप सिंह ने कहा कि आज के दौर में कैंसर एक मध्यम परिवार के लिए अभिशाप से कम नहीं हैं। एक बार यह बीमारी किसी को हो जाए, तो मरीज के साथ पूरा परिवार परेशान होता है। इससे न केवल मानसिक क्षति होती है, इसके कारण लोगों को आर्थिक क्षति भी होती है। ऐसे में बच्चियों को एचपीवी का टीका लगाना मील का पत्थर साबित होगा। जो भविष्य में इनको सर्वाइकल कैंसर से बचाएगा। उन्होंने बताया कि एचपीवी का टीका (सेवेर्वैक) पूरी तरह से सुरक्षित और स्वदेशी है। इसे सीरम इंस्टीट्यूट ने बनाया है और कई परीक्षणों के बाद इसकी सप्लाई शुरू की गई है। प्रथम चरण के बाद जिले को बड़ी मात्रा में यह वैक्सीन उपलब्ध कराया जाएगा।

**प्रथम चरण में 240 वैक्सीन कराया गया है उपलब्ध :** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि पहले चरण के तहत बिहार के कई जिलों में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा बक्सर जिले को कुल 240 वैक्सीन उपलब्ध कराया गया है। हम सभी इस अभियान के सफल संचालन के लिए प्रयासरत हैं। ताकि, आज इन बच्चियों को टीकाकृत कर भविष्य में उन्हें कैंसर के खतरे से बचाया जा सकेगा। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से 9 से 14 वर्ष तक की छात्राओं को अनिवार्य रूप से एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। जिससे जन जन तक इस अभियान की जानकारी पहुंच सके।

शिविर में सीएस डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. संजय कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार, अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह, यूनिसेफ के एसएमसी कुमुद रंजन मिश्रा, यूएनडीपी के वैक्सीन कोल्ड चेन प्रबंधक मनीष सिन्हा, सीएफएआर के एसपीए अमित सिंह, सदर प्रखंड प्रबंधक प्रिंस कुमार सिंह, डाटा सहायक शशिकांत शर्मा स्टाफ नर्स, एएनएम नीलम वर्मा, अनीता पाल , शोभा कुमारी, डॉली कुमारी के अलावा स्कूल के शिक्षकगण व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रामरेखा घाट पर युवक ने लगाई गंगा में छलांग, नहीं हो पाई उसकी पहचान

**केटी न्यूज/बक्सर**



नगर के रामरेखाघाट पर सुबह में एक युवक ने अचानक पहुंच गंगा में छलांग लगा दिया। जिससे वह गहरे पानी में डूब गया है। हालांकि, युवक की न तो शिनाख्त हो पाई है और न ही प्रशासनिक स्तर से शव की खोजबीन की जा रही है।

वहीं संध्या तक कोई परिजन भी रामरेखाघाट नहीं पहुंचा। जिसके कारण अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक रामरेखाघाट पहुंचने के बाद अपने मोबाइल को ईंट पत्थर से कूंच दिया तथा इसके बाद वह वह गंगा में छलांग लगा दिया।

इसकी सूचना पंडा समाज ने नगर थाने को दी, लेकिन नगर थाने की पुलिस घाट पर जा वस्तु स्थिति का जायजा ले वापस लौट आई।




## नहीं रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल त्रिवेदी, दी गई श्रद्धांजलि



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला कांग्रेस कमिटी कार्यालय पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बक्सर विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अनिल त्रिवेदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने आयोजित शोक सभा में श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि अनिल त्रिवेदी के निधन से बक्सर जिला कांग्रेस की अपूर्णीय क्षति हुई है। सभी कांग्रेसी आज उनके निधन से मर्माहत है। अनिल त्रिवेदी जी एक सुलझे हुए व्यक्ति और कांग्रेस के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना और सहयोग करने वाले व्यक्ति थे। उनसे पारिवारिक संबंध जो मेरे साथ रहा है उसका एक अलग दुख हमारे मन में है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य डॉ प्रमोद ओझा ने कहा कि बड़े भाई अनिल त्रिवेदी का जाना पूरे बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी के लिए सदमे से कम नहीं हैं। अनिल त्रिवेदी को कांग्रेस के वरिष्ठ लीडर, बक्सर विधानसभा कांग्रेस के प्रत्याशी और एक सुलझे हुए व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है। जो बक्सर के लिए अपूर्णीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भोला ओझा, संजय कुमार दुबे, रूनी देवी, कुमकुम देवी, अजय यादव, रोहित उपाध्याय, त्रिजोगी मिश्रा, अभय मिश्रा, बबन तुरहा सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दो मिनट का मौन रखकर उनके दिवंगत आत्मा की शांति हेतु भगवान से प्रार्थना की।

## श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन पर शोक

**बक्सर।** राम मंदिर तिर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य सह विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कामेश्वर चौपाल के निधन पर महर्षि विश्वामित्र विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक सह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने गहरा दु ःख व्यक्त किया है। कहा कि उनका पूरा जीवन धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो में समर्पित रहा। 9 नवम्बर 1989 को पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल ही थे। राम मंदिर आंदोलन में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद भगत ने विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य एवं 9 नवंबर 1989 को आयोजित ऐतिहासिक शिलान्यास सम्मारोह में पूज्य संत गण के उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कि प्रथम शिला रखने वाले परम राम भक्त कामेश्वर चौपाल का निधन अत्यंत दुखद ह। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में पूर्व जिलाअध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, आदित्य चौधरी, भाजपा नेता बजरंगी तिवारी, हरिशंकर गुप्ता, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक पासवान, अशोक लाल, अशोक सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

## मौनी बाबा के दरबार में उमड़े भक्त

**केटी न्यूज/चक्की**



प्रखंड के हेनवा गांव में मां काली के दरबार में मौनी बाबा के आगमन पर गांव वालों ने उनका प्रेमपूर्वक स्वागत किया। बाबा, जो लगभग बीस सालों से मौन धारण किए हुए हैं, उन्होंने मां काली कल्याणेश्वरी के प्रांगण में महावीरजी की मूर्ति स्थापित करने और 24 घंटे हरिकीर्तन कराने का आदेश दिया। गांव वालों ने बाबा के आदेश को सहर्ष स्वीकार कर लिया। मौदप बाबा के बारे में मान्यता है कि वे सांप, बिच्छू या किसी भी जहरीले जंतु के काटने पर तुरंत इलाज करने की शक्ति रखते हैं। इसी आस्था के चलते आसपास के लोग अपनी समस्याएं लेकर बाबा के पास पहुंचते हैं। बाबा बोलते नहीं हैं, लेकिन वे अपने भक्तों की समस्याओं को कागज पर लिखकर समाधान बताते हैं।

इस बार भी गांव वालों ने अपनी अर्जी बाबा के सामने रखी। सुरेश चौधरी, महेश चौधरी, रामकुमार चौधरी, जितेंद्र चौधरी और विरेंद्र चौधरी सहित कई ग्रामीणों ने बाबा के आदेश का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वे बाबा के निदेर्शों का पालन करेंगे और महावीरजी की मूर्ति स्थापित कर हरिकीर्तन का आयोजन करेंगे।








**लंगटू महादेव मंदिर के समीप आशीर्वाद हेल्थ क्लीनिक में आयोजित हुआ शिविर**

# स्वास्थ्य जांच शिविर में सैकड़ों मरीजों की हुई नि:शुल्क जांच, लोगों को मिली उचित सलाह

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के लंगटू महादेव मंदिर के ठीक सामने वाली गली में स्थित आशीर्वाद हेल्थ क्लीनिक में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सक डॉ. कुमार सूरज के नेतृत्व में एक मुफ्त जांच शिविरि का आयोजन किया गया था।

इस जांच में शिविर में डॉ. सूरज द्वारा सैकड़ो मरीजों का मुफ्त जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में मरीज इस क्लीनिक में आए थे। अधिकांश मरीज पेट, छाती, बीपी, सुगरा, थायराड आदि की जांच कराने आए थे। जिनका बारी-बारी से डॉ. सूरज ने आधुनिक मशीनों से जांच किया तथा उन्हें जरूरी सलाह भी दिये।

वहीं, केशव टाइम्स से बातचीत के दौरान डॉ. सूरज ने कहा कि वर्तमान समय में खान पान की गड़बड़ी से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। उन्होंने कहा कि फास्ट फूड का सेवन, खाने में नमक व चीनी की मात्रा अधिक लेना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग अज्ञानतावश भी खाने में नमक का अधिक प्रयोग कर रहे है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रेस्टोरेंट या होटल के खाने में नमक की मात्रा अधिक रहती है, लेकिन नमकीन स्वाद को कम करने के लिए होटल या रेस्टोरेंट वाले उसमें मीठी चटनी भी मिला देते है, जिससे हमे पता भी नहीं चलता है और हम मात्रा से बहुत अधिक नमक का सेवन कर लेते है, जिसका असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि खान पान में परहेज कर तथा अपनी दिनचर्या को सुधार हम कई बीमारियों से बच सकते है। उन्होंने लोगों को नियमित मार्निंग वॉक, व्यायाम आदि करने की सलाह भी दी है। वहीं, कहां कि किसी भी तरह की बीमारी में हमें विशेषज्ञ डॉक्टर से ही सलाह लेनी चाहिए। शिविर को संपन्न कराने में अस्पताल संचालक दिनेश केशरी, रमेश केशरी, संजय कुमार समेत अस्पताल कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती से जुड़कर घरेलू महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर



**पाकुड़, एजेंसी।** जिला उद्यान विभाग घरेलू महिलाओं को कृषि से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने का हर मुमकिन प्रयास कर रहा है. महिलाओं को विशेष ट्रेनिंग देकर विभाग मशरूम और स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए प्रेरित कर रहा है. खेती से जुड़कर एक ओर जहां महिलाओं की आमदनी दोगुनी हो रही है, वहीं दूसरी ओर उनका सशक्तिकरण भी हो रहा है. स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती कर रही सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं 35 से 40 हजार रुपये सालाना आमदनी कर रही हैं।

### महिलाएं खेती कर बन रहीं आत्मनिर्भर

पाकुड़ जिले के देवपुर, मुर्गाडांगा, बेलडीहा, शिवलीडांगा, महारो, बरमसिया, धोवाडांगा, पियलसोला आदि कई गांवों की महिलाएं खुद तो मशरूम और स्ट्रॉबेरी की खेती कर ही रही हैं, साथ ही दूसरी महिलाओं को भी खेती के लिए जागरूक कर रही हैं. महिलाएं चौका-बर्तन करने के बाद फुर्सत के क्षणों में खेती कर रही हैं. घरेलू महिलाओं को कृषि से जोड़ने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है.

### स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती से घर बैठे आमदनी

गांव में धान की खेती के बाद खाली पड़ी जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती की जा रही है. इतना ही नहीं अपने घरों में कम जगह में महिलाएं मशरूम का उत्पादन कर घर बैठे पैसे कमा रही हैं. स्ट्रॉबेरी और मशरूम की इतनी मांग है कि इसका उत्पादन करने वाली गांव की इन महिलाओं को बाजार नहीं जाना पड़ता है. घर बैठे और आसपास के हाट-बाजार में ही इनके द्वारा उपजाए गए मशरूम और स्ट्रॉबेरी आसानी से बिक जाते हैं और उपज का उचित दाम भी मिल जाता है.

### इस संस्था से मिल रही महिलाओं को मदद

गांव की महिलाओं को स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती के लिए प्रेरित और प्रशिक्षण देने का काम कृषि के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था हापेफ कर रही है. महिला किसानों को बीज, कीटनाशक दवा के साथ-साथ खेती करने के तरीके भी बताए जाते हैं.

इस संबंध में हापेफ संस्था के को-ऑर्डिनेटर कंचन कुमार मंडल का कहना है कि मशरूम और स्ट्रॉबेरी की खेती कर के कम जगह और कम पूंजी में किसान 35 से 40 हजार रुपये सालाना कमा लेती हैं.

### पांच हजार महिलाओं को खेती से जोड़ने का लक्ष्य

वहीं इस संबंध में जिला उद्यान पदाधिकारी प्रसेनजीत महतो ने बताया कि जिले की पांच हजार महिलाओं को मशरूम और स्ट्रॉबेरी की खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है. अब तक ढाई हजार महिलाएं स्ट्रॉबेरी और मशरूम की खेती कर अच्छी आमदनी कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फसल बीमा योजना -लक्ष्य 55 हजार के विरुद्ध मात्र 6492 किसानों को ही मिला लाभ

**धनबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों का एक रुपये में अपनी एक हेक्टेयर जमीन पर लगी रबी फसल का बीमा कृषि विभाग को करवाना था. इसके लिए विभाग द्वारा 55 हजार किसानों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. जिसके लिए विभाग ने एक दिसंबर से 15 जनवरी तक का समय निर्धारित किया था. मगर विभाग द्वारा सिर्फ 6492 किसानों के फसल का बीमा ही किया जा सका. योजना के तहत गेहूं, चना, आलू और सरसों की फसल की बीमा करनी थी. बीमा कराने में धनबाद के किसान दूसरे जिलों के मुकाबले काफी पीछे रहा. योजना का उदेश्य किसानों को किसी प्राकृतिक आपदा के दौरान होनेवाले नुकसान से राहत देने के लिए फसलों का बीमा किया जा रहा था. इसके तहत किसानों को मात्र एक रुपये देकर अपनी फसलों का बीमा कराने की सुविधा दी गई थी. प्रज्ञा केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से किसान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दे सकते थे. बजाज एलियांज कंपनी को फसल बीमा करने का काम सौंपा गया था.

धनबाद में 10 हजार हेक्टेयर जमीन पर रबी फसलों की खेती होती है. सिंचाई की सुविधा नहीं रहने की वजह से किसान चाहकर भी खेती नहीं कर पाते हैं. धनबाद में वर्षा आधारित खेती की जाती है, जबकि रबी फसलों के लिए सिंचाई की जरूरत होती है. सिंचाई के अभाव में धनबाद में रबी फसलों की खेती नहीं हो पाती है.

कृषि विभाग ने बजाज एलियांज कंपनी को फसल बीमा करने का काम सौंपा गया था. इसी के तहत कंपनी ने 10 हजार हेक्टेयर के जगह मात्र 4570 हेक्टेयर जमीन पर लगे फसल का ही बीमा कर पाई. कंपनी 50 प्रतिशत लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पायी.

### 10 माह में बीएसएनएल से एक लाख से अधिक उपभोक्ता जुड़े, अब तक नहीं मिली 4जी सेवा

**धनबाद, एजेंसी।** भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) पिछले कई माह से अपने उपभोक्ताओं को 4 जी सेवा देने का वादा कर रहा है. मगर अब तक यह सेवा शुरू नहीं हो पायी है. बीते दस माह में धनबाद दूरसंचार जिला में 1,44,408 नये उपभोक्ता जुड़े. इनमें से 33,154 लोगों ने दूसरी टेलिकॉम कंपनियों से बीएसएनएल में पोर्ट कराया है. वहीं 1,11,254 नए लोगों ने बीएसएनएल का सिम खरीदा है. इसके बाद भी बीएसएनएल सात माह से सिर्फ 4 जी सेवा देने का वादा ही कर रहा है. इससे ग्राहकों में निराशा बढ़ती जा रही है. बीएसएनएल ने अपने नेटवर्क को आधुनिक बनाने और बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए हाल में कई प्रयास किये हैं. लेकिन, 4जी सेवाओं की अनुपलब्धता ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं.

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अगस्त माह में सबसे अधिक कुल 10,110 लोगों ने अन्य कंपनियों से बीएसएनएल में नंबर पोर्ट कराया है. वहीं 28,129 नये लोग बीएसएनएल का सिम खरीद कर कंपनी से जुड़े. जुलाई में सबसे अधिक 39,446 लोगों ने बीएसएनएल का सिम खरीदा और 9846 लोगों ने पोर्ट कराया. अप्रैल में 428 लोगों ने नंबर पोर्ट कराया, 2460 ने सिम लिया, मई में 356 लोगों ने पोर्ट कराया व 2681 ने सिम लिया. जून में 642 ने पोर्ट कराया व 2522 ने सिम लिया, सितंबर में 5178 ने पोर्ट कराया व 13489 ने सिम लिया, अक्टूबर में 3067 ने पोर्ट कराया व 8249 ने सिम लिया, नवंबर में 1894 ने पोर्ट कराया व 5891 ने सिम लिया, दिसंबर में 1633 ने पोर्ट कराया व 5393 ने नया सिम लिया. वहीं जनवरी में 2994 लोग सिम खरीदकर बीएसएनएल से जुड़े.

बीएसएनएल द्वारा 4 जी सेवा देने के लिए लगातार ट्रायल किया जा रहा है. उपभोक्ता खराब नेटवर्क से जूझ रहे हैं. ग्राहकों का फोन लगाने से लेकर इंटरनेट चलाने में परेशानी हो रही है. अधिकारियों ने बताया कि कंपनी तेज गति से उपग्रेड करने का काम कर रही है. मगर कभी केबल चोरी तो कभी बैटरी चुरा ले रहे हैं. ऐसे में दिक्कत हो रही है.

बीएसएनएल लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर करने में लगा है. जल्द ही लोगों को 4जी सेवा मिलने लगेगी. धनबाद में हम लगातार टावर में 4 जी उपकरण लगा रहे हैं. ट्रायल में भी कई दिक्कतें आयी हैं इसके बाद भी बेहतर देने की कोशिश कर रहे हैं. उम्मीद है लोगों को अगले माह से बिना रुकावट 4जी सेवा मिलने लगेगी.

## नगड़ी हत्याकांड: सेना से चोरी किए गए एके 47 से रांची में हुआ डबल मर्डर, मुख्य आरोपी समेत 2 गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** नगड़ी में हुए डबल मर्डर मामले में बेहद सनसनीखेज खुलासा हुआ है. बीते मंगलवार मनोज और बुधराम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. जांच में खुलासा हुआ है कि मनोज और बुधराम की हत्या एके-47 राइफल से की गई थी. पुलिस ने एके 47 राइफल भी बरामद कर लिया है. मामले में कार्रवाई करते हुए रांची एससपी चंदन कुमार सिन्हा की स्पेशल टीम ने कांड के मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है. गुरुवार को रांची एसएसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर हत्याकांड के खुलासे को लेकर सभी जानकारियां साझा की .

सेना की यूनिट से चुराया गया था एके 47

मंगलवार को रांची के नगड़ी में हुए डबल मर्डर को एक महीने की छुट्टी पर आए सेना के जवान मनोरंजन टोपनो ने अंजाम दिया था. मनोरंजन भारतीय सेना में है और उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में है. वह अपने यूनिट से चोरी से एके 47 राइफल लेकर आया था और मंगलवार को उसी राइफल से मनोरंजन टोपनो ने मनोज और बुधराम की गोली मार कर हत्या कर दी थी.

दोहरे हत्याकांड के खुलासे के बाद रांची पुलिस ने मनोरंजन टोपनो को गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से एके 47 और कुछ कारतूस बरामद कर लिया गया है.

**जमीन विवाद के कारण हत्या:** रांची



एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि दोहरे हत्याकांड को जमीन विवाद में अंजाम दिया गया था. सेना के जवान मनोरंजन ने 2016 में ही मारे गए बुधराम के भाई को दो लाख रुपए 26 डिसमिल जमीन खरीदने के लिए दिए थे. इसी बीच बुधराम के भाई की एक्सीडेंट में मौत हो गई. उसके बाद जब भी सेना का जवान अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए बुधराम के पास जाता तो वह आनाकानी करता है.

इसी बीच एक बार फिर से बुधराम ने सेना के जवान से 2 लाख लिया और कहा कि इस बार वह उसकी जमीन रजिस्ट्री कर देगा. लेकिन दोबारा पैसे लेने के बाद भी उसने आर्मी जवान को जमीन रजिस्ट्री नहीं की इसके बाद जवान ने उसकी हत्या की प्लानिंग की और अपने एक साथी जवान का एक-47 राइफल चोरी कर उसे अपने एक दोस्त के जरिए रांची मंगवाया और उसी राइफल से बुधराम को मार डाला. वहीं इस वारदात मारे गए मनोज की हत्या आर्मी जवान नहीं करना चाहता था, लेकिन वह बुधराम को मारने के दौरान बीच बचाव में आ गया जिसकी वजह से उसकी भी हत्या करनी पड़ी।

## कबाड़ की दुकान में सरकारी दस्तावेज देख दंग रह गए अधिकारी, दुकान को किया सील

**गढ़वा, एजेंसी।** जिले में एक कबाड़ की दुकान पर सरकारी दस्तावेज बरामद हो रहे हैं. कबाड़ चुनने वाले अनुमंडल परिसर के पीछे के एक घर से ये दस्तावेज निकाल कर ले जा रहे थे. जब पूरा मामला उजागर हुआ तो सभी हैरान रह गए. मामले पर कार्रवाई करते हुए कबाड़ की दुकान को सील कर दिया गया है. साथ ही दुकान मालिक पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है.



दरअसल गढ़वा एसडीएम के आवास के बाहर एक युवक कबाड़ चुनने पहुंचा. एसडीएम उससे बातचीत करने लगे. उन्होंने युवक से पूछा कि वह चुना हुआ कबाड़ कहां बेचता है, और पूछते-पूछते वह उसके ठेले में रखे सामान को देखने लगे. इसी बीच उन्हें उस ठेले पर कुछ सरकारी दस्तावेज मिले, इसके बाद जब उन्होंने उसे ध्यान से देखा तो पाया कि उसमें वोटर लिस्ट के साथ-साथ कई अन्य सरकारी दस्तावेज भी थे. यह देख एसडीएम हैरान रह गए.

उन्होंने अपने गार्ड से उस कबाड़ चुनने वाले को पकड़ने को कहा. इसके बाद उस युवक को अपने साथ लेकर वे तुरंत टंडवा दानरो नदी के किनारे स्थित एक कबाड़ दुकान पर पहुंचे. कबाड़ दुकान की जांच के दौरान उस दुकान में भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिला. जिसके बाद एसडीएम ने इसकी सूचना गढ़वा थाना प्रभारी को दी, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुकान पर पहुंचे और गोदाम में कबाड़ के बीच सरकारी कागजात देख दंग रह गए.

एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त कबाड़ दुकान को सील करने का आदेश दिया, जिस पर अनुमंडल कर्मियों द्वारा दुकान को सील कर दिया गया. मौके पर एसडीएम ने कहा कि कबाड़ दुकान में सरकारी कागजात मिलना अपने आप में अपराध है, उन्होंने यह भी कहा कि चोरी के साथ-साथ चोरी की सामग्री खरीदना भी अपराध की श्रेणी में आता है. बरामद कागजात की जांच की जाएगी, उन्होंने कहा कि फिलहाल दुकान को सील कर दिया गया है, और दुकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व कैंसर दिवस पर एसएनएमएमसीएच में जागरूकता कार्यक्रम

**धनबाद, एजेंसी।** विश्व कैंसर दिवस पर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के सर्जरी विभाग की ओर से मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम हुआ. इसमें बतौर मुख्य अतिथि अधीक्षक डॉ एसके चौरसिया के अलावा ऑर्थो विभाग के पूर्व एचओडी डॉ डीपी भूषण, सर्जरी के एचओडी डॉ डीके गिंडोरिया, डॉ यूके ओझा, डॉ विजय प्रताप मौजूद थे. डॉ एसके चौरसिया ने बताया कि कैंसर जैसी घातक बीमारी का इलाज एसएनएमएमसीएच में शुरू किया गया है. वर्तमान में सर्जरी विभाग में कैंसर से संबंधित कई ऑपरेशन सफलता पूर्वक हो चुके हैं. आयुष्मान से निबंधित मरीजों को कई तरह के जांच की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जा रही है. इसमें बायोप्सी, एमआरआइ, सीटी स्कैन आदि शामिल है. आने वाले समय में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पूर्ण रूप से कैंसर के इलाज के लिए ऑन्कोलॉजी विभाग में चिकित्सीय सेवा शुरू हो जायेगी. मौके पर सर्जरी विभाग के वरीय चिकित्सक डॉ राजेश कुमार सिंह, डॉ जैद अनवर, डॉ अविनाश कुमार, डॉ अनिमेश समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ डीके गिंडोरिया ने कहा कि धनबाद समेत देश में तेजी से कैंसर के मामले बढ़ रहे है. इसका मुख्य कारण लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता की कमी है. समय पर जांच और इलाज ही इस बीमारी को प्रारंभिक स्टेज में रोका जा सकता है.

## रेलवे ने बनाया प्लान, ट्रेनों में आग की अफवाह से नहीं जाएगी जान, हॉट बॉक्स डिटेक्टर तकनीक का होगा इस्तेमाल

**धनबाद, एजेंसी।** चलती ट्रेन में अचानक हॉट एक्सल कई बार हादसे का कारण बन जाता है। ट्रेन में हल्की सी चिंगारी या धुएं से आग की अफवाह फैलती है।

इन अफवाहों के बाद जान बचाने के लिए यात्री चलती ट्रेन से छलांग देते हैं। पिछले एक साल में ऐसी तीन घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें कई यात्रियों को जान गंवानी पड़ी।

भविष्य में ऐसा न हो इसकी रोकथाम के लिए रेलवे अब तकनीक की मदद लेगी। ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए हॉट बॉक्स डिटेक्टर लगाए जाएंगे। हॉट बॉक्स डिटेक्टर से बोगियों के पहिए में आग की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग जाएगा।

हॉट बॉक्स डिटेक्टर से अचानक हॉट एक्सल के कारण होने वाली दुर्घटना से और ट्रेनों को विलंब होने से भी रोका जा सकेगा। धनबाद रेल मंडल में इस वित्तीय वर्ष के दौरान धनबाद-गया रेल मार्ग के परसाबाद तथा कोडरमा से बरकाकाना रेल मार्ग के पदमा स्टेशन पर हॉट



बॉक्स डिटेक्टर लगाए गए हैं।

ट्रेनों के पहिए के निरंतर गतिशीलता के कारण कभी-कभी बाल बीयरिंग विफल होता है। इससे पहिए (एक्सल) के तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है, जिसे हॉट एक्सल के रूप में जाना जाता है। ओवरलोडिंग, बीयरिंग की दोषपूर्ण स्थिति या अन्य तकनीकी कारणों से हॉट एक्सल हो सकता है। स्टेशन के आउटर पर हॉट बॉक्स डिटेक्टर का सेंसर ट्रेन आने का सिग्नल आते ही अलर्ट हो जाएगा। इससे निकलने वाले लेजर से ट्रेनों के पहिए की निगरानी की जा सकेगी।

ट्रैक के किनारे लगने वाला उपकरण हॉट एक्सल या ब्रेक जाम होने की स्थिति में उसे भांप लेगा और रेलवे कंट्रोल को तुरंत इसकी ऑटोमेटिक सूचना मिल जाएगी।

पहिए के तापमान की स्थिति और अन्य तकनीकी जानकारियां भी रिकॉर्ड हो जाएगी। साथ ही नजदीकी स्टेशन पर लगे सिस्टम में भी समस्त सूचनाएं पहुंच जाएंगी। संबंधित विभाग के कर्मचारियों के मोबाइल पर भी अलर्ट मैसेज जाएगा। इससे समय रहते ही कर्मचारी गड़बड़ी को ठीक कर सकेंगे।

हॉट बॉक्स डिटेक्टर 130 की गति से चलने वाली ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम है। इसकी मदद से ट्रेन के गुजरने के एक मिनट के अंदर ट्रेन के प्रकार, गति, पहिए के तापमान में अंतर का डाटा स्टोर कर लिया सकता है।

## मरीज की मौत के बाद एसएनएमएमसीएच में हंगामा, तोड़फोड़

**धनबाद, एजेंसी।** मरीज की मौत के बाद गुरुवार की शाम परिजनों ने एसएनएमएमसीएच की इमरजेंसी में जमकर हंगामा किया. चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने यहां तोड़फोड़ भी की. एक्जामिनेशन रूम में रखी हजारों रुपये की स्लाइन, सिरिंज व दवा फेंक दी. चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ गाली- ग्लौज भी की. सूचना मिलने पर पहुंची सरायढेला पुलिस को भी हंगामा कर रहे लोगों को समझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी. इमरजेंसी में लगभग दो घंटे तक हंगामा चलता रहा. इस दौरान इमरजेंसी में चिकित्सीय कार्य दो घंटे तक ठप रहा.

विनोद नगर निवासी विजय कुमार यादव (60 वर्ष) को सांस लेने में तकलीफ थी. उन्हें गुरुवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे एसएनएमएमसीएच ले जाया गया. मृतक के पुत्र पंकज कुमार व संजय कुमार के अनुसार उनके पिता को छाती में पानी भरने की शिकायत थी. एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था. गुरुवार की शाम उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने पर परिजन उन्हें लेकर एसएनएमएमसीएच पहुंचे. परिजनों का आरोप है कि सांस लेने में तकलीफ होने के बावजूद उन्हें ऑक्सीजन नहीं दिया गया. उन्हें आइसीयू स्पोर्ट की जरूरत थी, बावजूद इमरजेंसी के एक्जामिनेशन रूम में



ही उन्हें आधे घंटे से अधिक देर तक रखा गया. चिकित्सकों ने भी इलाज में तत्परता नहीं दिखायी. चिकित्सकों की लापरवाही के कारण उनके पिता की मौत हुई. हंगामा कर रहे लोग चिकित्सकों के साथ गाली-ग्लौज पर उतारू हो गये. ऐसे में इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक हंगामा कर रहे लोगों से बचने के लिए वार्ड में जाकर छिप गये. पुलिस के आने पर सभी बाहर निकले. इस दौरान इमरजेंसी में चिकित्सा सेवा पूरी तरह ठप रही.

विजय कुमार यादव की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. मृत की दो बेटियां और दो बेटे हैं. दोनों बेटियां पिता के शव के साथ लिपट कर रोती-बिलखती रही. पापा उठो न, यह कहते हुए बेटी बार-बार बेहोश हो जा रही थी.


एसएनएमएमसीएच में पहले से होमगार्ड जवानों की कमी है. गुरुवार की शाम हंगामा के समय सिर्फ एक होमगार्ड जवान इमरजेंसी में तैनात था. ऐसे में एक व्यक्ति के भरोसे स्थिति को नियंत्रित करना संभव नहीं था.

एसएनएमएमसीएच में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए टीओपी का निर्माण कराया गया है. हालांकि अबतक टीओपी को शुरू नहीं किया जा सका है. अगर टीओपी संचालित होता तो गुरुवार को मरीज की मौत के बाद हंगामा व तोड़फोड़ की नौबत शायद नहीं आती.

घटना के विरोध में इमरजेंसी में तैनात एसआर चिकित्सकों ने गुरुवार की रात लगभग एक घंटे तक चिकित्सा सेवा ठप रखी. हंगामा शांत होने के बाद रात लगभग आठ बजे सभी चिकित्सक इमरजेंसी छोड़कर चले गए. इस दौरान इमरजेंसी में पहुंचे आधा दर्जन से ज्यादा मरीजों को लौटा दिया गया. बाद में वरीय चिकित्सकों के समझाने पर मामला शांत हुआ और सभी काम पर लौटे. एसआर चिकित्सक घटना में शामिल लोगों पर एफआइआर दर्ज कराने की मांग कर रहे है. घटना को लेकर एसआर चिकित्सकों ने शुक्रवार को बैठक बुलायी है.

### इस साल अबतक 350 से अधिक छात्रों को मिली नौकरी

**धनबाद/ सिंदरी, एजेंसी।** विपरित परिस्थितियों में भी बीआइटी सिंदरी के छात्रों का बेहतर प्लेसमेंट हो रहा है. जहां देश भर के आइआइटी व एनआइटी को इस वर्ष वैश्विक राजनीति के कारण छात्रों का प्लेसमेंट कराने में परेशानी आ रही है. वहीं बीआइटी सिंदरी में बेहतर प्लेसमेंट हो रहा है. मंगलवार को आर्चर कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग ने छह छात्रों का चयन किया. कंपनी के प्लेसमेंट साक्षात्कार में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के नौ, इलेक्ट्रिकल के सात, मैकेनिकल के तीन, केमिकल के नौ तथा माइनिंग इंजीनियरिंग ब्रांच के चार छात्रों ने भाग लिया. बीआइटी के अधिकारी डॉ घनश्याम ने बताया कि ग्लोबल आर्चर के सीएमडी सरोज नायक, निदेशक व सीइओ नूपुर आप्टे तथा निदेशक एचआर यूके मिश्रा ने छात्रों का साक्षात्कार लिया. इसके साथ ही संस्थान में इस वर्ष करीब 350 छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है. आने वाले दिनों में यहां आंकड़ा 450 पार होने की उम्मीद है. बीआइटी सिंदरी के करियर डेवलपमेंट सेंटर के अध्यक्ष प्रो घनश्याम ने बताया कि सत्र 2019-23 बैच के 626 छात्रों को संस्थान से प्लेसमेंट मिला था. उस सत्र के दौरान छात्रों को कुल 901 जॉब ऑफर मिले थे, वहीं 2020-24 बैच में 541 प्लेसमेंट्स हुआ था. इनमें कुल 585 जॉब ऑफर्स मिले थे. पिछले दो साल में सबसे अधिक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 96.16 फीसदी के साथ सबसे उच्चतम प्लेसमेंट दर है. उसके बाद मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग और केमिकल इंजीनियरिंग का स्थान 94.62 प्रतिशत, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में भी 94 प्रतिशत छात्रों को नौकरी मिली है. कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग ने 90.70 प्रतिशत, माइनिंग इंजीनियरिंग ने 90.2 प्रतिशत, आइटी और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ने क्रमशः 89.36 और 88 प्रतिशत प्लेसमेंट्स हासिल किया है।



# माघ पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी इन उपाय से होंगी प्रसन्न

**12 फरवरी को है माघ मास का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा। इस दिन स्नान, दान और तर्पण का खास महत्व होता है। इस दिन खास उपाय करके माता लक्ष्मी को प्रसन्न किया जा सकता है।**

- **स्नान :**
  पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु सहित देवी लक्ष्मी की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है।
- **मंत्र जाप :**
  पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। माघ माह में श्रीहरि भगवान विष्णु की माता लक्ष्मी के साथ पूजा करना चाहिए। इससे घर में सुख, शांति, धन और समृद्धि बनी रहती है।
- **पीली सामग्री करें दान :**
  इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित कर खीर का भोग लगाने से वे प्रसन्न होती हैं।
- **दीपदान :**
  माघ पूर्णिमा या किसी विशेष दिन पर नदी तट पर या नदी में दीपदान करने को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे देवी और देवता प्रसन्न होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। तुसली के नीचे घी का दीया जलाने से भी मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।
- **श्रीसूक्त का पाठ :**
  माघ पूर्णिमा के दिन देवी लक्ष्मी की विधिवत पूजा करके श्रीसूक्त का पाठ करना चाहिए। इससे देवी लक्ष्मी प्रसन्न होकर जातक को आशीर्वाद देती हैं।



# माघ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान से मिलती है भगवान श्री विष्णु की कृपा

**ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है।**

## दान का मिलता 32 गुना फल

माघ पूर्णिमा के दिन दान-दक्षिणा देने से 32 गुना फल मिलता है। इसलिए इसे माघी पूर्णिमा के अलावा बत्तिसी पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन कंबल, वस्त्र, तिल, अन्न, घी, नमक, गुड़, पांच तरह के अनाज, गाय आदि का दान करने से हजार गुना पुण्य की प्राप्ति होती है। दान करने से सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और जातक मोक्ष को प्राप्त करता है।

माघ कृष्ण द्वादशी को यम ने तिलों का निर्माण किया और दशरथ ने उन्हें पृथ्वी पर लाकर खेतों में बोया था। अतएव मनुष्यों को उस दिन उपवास रखकर तिलों का दान कर तिलों को ही खाना चाहिए। माघ पूर्णिमा या किसी विशेष दिन पर नदी तट पर या नदी में दीपदान करने को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे देवी और देवता प्रसन्न होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए।

स्नान करने से सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है। पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं। माघ पूर्णिमा के दिन चंद्रमा को खीर अर्पित करने से चंद्रदेव की कृपा प्राप्त होती है।

# माघ पूर्णिमा के दिन स्नान, दान और तर्पण का महत्व

**12 फरवरी को है माघ पूर्णिमा। माघ पूर्णिमा के दिन निम्नलिखित 5 कार्य करने से पापों का नाश होता है और धन लाभ होता है।**


- **स्नान का महत्व** : ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए।
- **दान का महत्व** : इस दिन दान-दक्षिणा का बत्तीस गुना फल मिलता है। इसलिए इसे माघी पूर्णिमा के अलावा बत्तिसी पूर्णिमा भी कहते हैं।
- **तर्पण का महत्व** : माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए।

## फायदे

- स्नान करने से सभी तरह के पापों का नाम हो जाता है।
- दान करने से सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और जातक मोक्ष को प्राप्त करता है।
- पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं।

इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है।

- पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं।
- माघ पूर्णिमा के दिन चंद्रमा को खीर अर्पित करने से चंद्रदेव की कृपा प्राप्त होती है।





# माघ पूर्णिमा के दिन धरती पर आते हैं देवता

**माघी पूर्णिमा के दिन संगम पर माघ-मेले में जाने और स्नान करने का विशेष महत्व है। पुराणों के अनुसार माघ माह में पूर्णिमा के दिन देवता धरती पर आते हैं और गंगा में स्नान करते हैं। इस शुभ संयोग में दान-पुण्य और मंत्र से करें उन्हें प्रसन्न।**

ऐसी मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन सभी देवता स्वर्ग से नीचे उतरकर प्रयाग स्थित गंगा में स्नान करते हैं। इसीलिए इस दिन स्नान माघ मास या माघ पूर्णिमा को संगम में स्नान का बहुत महत्व है। संगम नहीं तो गंगा, गोदावरी, कावेरी, नर्मदा, कृष्णा, क्षिप्रा, सिंधु, सरस्वती, ब्रह्मपुत्र आदि पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए क्योंकि मान्यता है इस माह में सभी नदियों का जल गंगा के समान पवित्र हो जाता है। स्नान करने से सभी तरह के पापों का नाशो जाता है। पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन स्वयं भगवान श्री विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इस दिन गंगा स्नान करने से विष्णु की कृपा मिलती है तथा धन-संपदा लक्ष्मी, यश, सुख-सौभाग्य तथा उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। माघी पूर्णिमा पर गंगा तथा अन्य पवित्र नदियों तथा सरोवर तट पर स्नान करके तिलांजलि देना चाहिए तथा पितृ तर्पण करना चाहिए।

## माघ पूर्णिमा का मंत्र

पूर्णिमा पर माता लक्ष्मी के मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे घर में धन समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। इस दिन देवी लक्ष्मी जी को पीले तथा लाल रंग सामग्री अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं।

- ऊँ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।'
- ऊँ श्रींह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्मी नमः।।
- ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन धान्याधिपतये, धन धान्य समृद्धिं मे देहि दापय स्वाहा।।'
- ऊँ विष्णवे नमः। ऊँ हूं विष्णवे नमः। ऊँ नमो नारायण। ऊँ वासुदेवाय नमः।
- ऊँ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णु प्रचोदयात।।
- ऊँ शिवाय नमः।
- ऊँ सों सोमाय नमः।
- ऊँ श्रां श्रीं श्रौं चन्द्रमसे नमः।
- ऊँ स्रां स्रीं स्रौं सः चन्द्रमसे नमः।

## स्नान मंत्र

ऊँ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।
नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु।।
श्लोकार्थ : गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा माँ, सिंधु और माँ कावेरी। आप सभी तीर्थ मेरे पानी में आइए में आपका आवाहन करता हूं। मेरे इस पानी को पवित्र जल बनाओ ताकि में इसमें स्नान कर अपने सभी पापों का विनाश कर सकूं।



# अच्छी सेहत के लिए जरूरी है हवन

कई शोध ये बात साबित कर चुके है कि हवन न केवल वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हैं, बल्कि अच्छी सेहत के लिए भी जरूरी है। हवन के धुएं से प्राण में संजीवनी शक्ति का संचार होता है। हवन के माध्यम से बीमारियों से छुटकारा पाने का जिक्र ऋग्वेद में भी है। हवन के लिए पवित्रता की जरूरत होती है ताकि सेहत के साथ उसकी आध्यात्मिक शुद्धता भी बनी रहे। हवन करने से पूर्व स्वच्छता का ख्याल रखें। हवन के लिए आम की लकड़ी, बेल, नीम, पलाश का पौधा, कलीगंज, देवदार की जड़, गूलर की छाल और पत्ती, पीपल की छाल और तना, बेर, आम की पत्ती और तना, चंदन की लकड़ी, तिल, जामुन की कोमल पत्ती, अश्वगंधा की जड़, तमाल यानि कपूर, लौंग, चावल, ब्राम्ही, मुलैठी की जड़, बहेड़ा का फल और हर्रे तथा घी, शकर जौ, तिल, गुगल, लोभान, इलायची एवं अन्य वनस्पतियों का बूरा उपयोगी होता है। हवन के लिए गाय के गोबर से बनी छोटी-छोटी कटोरियां या उपले घी में डूबो कर डाले जाते हैं। हवन से हर प्रकार के 94 प्रतिशत जीवाणुओं का नाश होता है, अतः घर की शुद्धि तथा सेहत के लिए प्रत्येक घर में हवन करना चाहिए। हवन के साथ कोई मंत्र का जाप करने से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है, शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, अतः कोई भी मंत्र सुविधानुसार बोला जा सकता है।

# माघ पूर्णिमा के दिन इन दो चीजों को जल में मिलाकर करें स्नान, मिलेगा शाही स्नान जितना फल

**माघ पूर्णिमा को सभी पूर्णिमा तिथि में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यह पूर्णिमा सुख-समृद्धि और उत्तम फलदायी माना जाता है। अब ऐसे में अगर आप माघ पूर्णिमा के दिन सुख-समृद्धि पाना चाहते हैं तो इस दिन स्नान करने के दौरान जल में दो चीजों को डालकर स्नान करना चाहिए।**


हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का बहुत अधिक महत्व है। यह तिथि भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और चंद्र देव को समर्पित है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। कई लोग इस दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा भी करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। अब ऐसे में इस दिन नहाने के पानी में दो चीजें ऐसी है। जिसे डालकर नहाने से मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है।

## माघ पूर्णिमा के दिन नहाने के पानी में दूध डालकर करें स्नान

माघ पूर्णिमा के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और पापों का नाश होता है। यदि आप नदी में स्नान नहीं कर सकते हैं, तो घर पर ही पानी में गंगाजल और दूध मिलाकर स्नान कर सकते हैं। दूध को चंद्रमा का कारक माना जाता है। माघ पूर्णिमा के दिन दूध डालकर नहाने से चंद्रमा मजबूत होता है, जिससे मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त होती है। आपको बता दें, दूध में शांत और शीतल गुण होते हैं। दूध डालकर नहाने से मन शांत होता है और तनाव कम होता है। माघ पूर्णिमा के दिन स्नान का सबसे अच्छा समय ब्रह्म मुहूर्त होता है। ब्रह्म मुहूर्त सूर्योदय से पहले का समय होता है। इस समय स्नान करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

## माघ पूर्णिमा के दिन नहाने के पानी में शहद डालकर करें स्नान

माघ पूर्णिमा के दिन स्नान के पानी में शहद मिलाकर नहाना बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सौभाग्य में वृद्धि होती है। धार्मिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यदि आप गंगा नदी में स्नान करने नहीं जा सकते हैं, तो आप घर पर ही नहाने के पानी में गंगाजल और शहद मिलाकर स्नान कर सकते हैं।



### आलू-टमाटर की कीमतें घटने से 9 प्रतिशत सस्ती हुई शाकाहारी थाली

# सालाना आधार पर दो फीसदी बढ़ गई कीमत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आलू और दाल की कीमतों में तेजी से जनवरी में घरों में पकने वाली थाली की कीमत सालाना आधार पर दो फीसदी महंगी होकर 28.70 रुपये पर पहुंच गई है जो जनवरी, 2024 में 28 रुपये थी। हालांकि, दिसंबर में घरेलू गैस और टमाटर के सस्ते होने से मासिक आधार पर दाम 9 फीसदी घट गया है। क्रिसिल की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में शाकाहारी थाली के दाम 31.60 रुपये रहे हैं। हालांकि, अक्तूबर में 33.30 रुपये के शीर्ष पर पहुंचने के बाद से लगातार कीमतें घट रही हैं। आलू की कीमत पिछले साल के निचले आधार पर 24 रुपये से 35 प्रतिशत बढ़कर 31 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। रबी की ताजा आवक के कारण टमाटर के दाम मासिक आधार पर 34 प्रतिशत और आलू एवं प्याज की कीमतों में क्रमशः 16 प्रतिशत और 21 फीसदी की मासिक गिरावट से थालियों की कीमतों पर सकारात्मक असर पड़ा है। मांसाहारी थाली 17 फीसदी महंगी चिकन के दाम में वृद्धि से जनवरी में मांसाहारी थाली की कीमत 17 फीसदी बढ़कर 60.6 रुपये हो गई है। जनवरी, 2024 में यह 52 रुपये थी। मासिक आधार पर यह चार फीसदी घटी है। दिसंबर में 63.30 रुपये दाम था।

## सरकार का अनुमान: प्याज उत्पादन 19 प्रतिशत बढ़ेगा, टमाटर आलू की पैदावार में भी होगी वृद्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सब्जियों की महंगाई में बड़ी भूमिका निभाने वाले प्याज, टमाटर और आलू की पैदावार चालू फसल वर्ष में बढ़ने की उम्मीद है। कृषि मंत्रालय ने 2024-25 के लिए जारी अपने पहले अनुमान में कहा, 25 जून को समाप्त होने वाले चालू फसल वर्ष में प्याज का उत्पादन 19 फीसदी बढ़कर 288.77 लाख टन पहुंच सकता है। एक साल पहले की समान अवधि में 242.67 लाख टन प्याज का उत्पादन हुआ था। मंत्रालय के मुताबिक, टमाटर का उत्पादन करीब 215.49 लाख टन रह सकता है, जो एक साल पहले के 213.23 लाख टन की तुलना में 1.06 फीसदी अधिक है। चालू फसल वर्ष में 595.72 लाख टन आलू की पैदावार होने की उम्मीद है, जो एक साल पहले की तुलना में 25.19 लाख टन अधिक है। सब्जियों की कुल पैदावार एक साल पहले के 2,072.088 लाख टन से बढ़कर 2,145.63 लाख टन पहुंच सकती है।



**2.48 लाख टन बढ़ेगा फलों का उत्पादन–** अनुमान के मुताबिक, फलों का कुल उत्पादन 2.48 लाख टन बढ़कर 1,132.26 लाख टन पहुंच सकता है। आम, अंगूर और केले का उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि संभव है। बागवानी फसलों का उत्पादन 176.66 लाख टन से बढ़कर 179.37 लाख टन पहुंचने की उम्मीद है।

## आपके घर तक सामान पहुंचाने वाले डिलीवरी ब्वॉय के लिए भी हो रही है पेंशन की व्यवस्था

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से जुड़े करीब एक करोड़ गिग वर्कर्स के लिए अच्छी खबर है। श्रम मंत्रालय जल्द ही ऑनलाइन मंचों से जुड़े एक करोड़ गिग श्रमिकों के लिए पेंशन योजना लाने को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मांगेगा। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत हर लेनदेन से हुई आय से सामाजिक सुरक्षा योजना में योगदान दिया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस महीने की शुरुआत में पेश किए गए आम बजट में ऑनलाइन मंच से जुड़े एक करोड़ गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू करने की घोषणा की थी।



उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा था कि सरकार उन्हें पहचान पत्र देगी और ई–श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगी। उन्होंने आगे कहा था कि इन श्रमिकों को पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। इस कदम से लगभग एक करोड़ गिग श्रमिकों को मदद मिलने की संभावना है। इस कदम से ऐमजॉन, जोमैटो जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़े श्रमिकों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों की सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ मिलने में मदद मिलेगी।

## अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल की सेल पर फंसा आखिरी पेच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल को लेकर फिर पेच फंस गया है। इस कंपनी के क्रेडिटर्स और इसे खरीदने वाली हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड के लेंडर्स के बीच एस्क्रो एग्रीमेंट को लेकर एक गतिरोध पैदा हो गया है। इसकी वजह से अधिग्रहण को पूरा करने के लिए जरूरी 4,300 करोड़ रुपये की अंतिम फंडिंग अटक गई है। आइआइएचएल ने इस मामले को सुलझाने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मुंबई बेंच में एक




अर्जी दाखिल की है। दोनों पक्षों के बीच इस बात को लेकर मतभेद है कि एस्क्रो पीरियड के दौरान मुकदमेबाजी की स्थिति में अनवाइंडिंग मैकेनिज्म कैसा होगा। आइआइएचएल को इस सौदे को पूरा करने के लिए 9,861 करोड़ रुपये जमा करने थे। इसमें 2,750 करोड़ रुपये इक्विटी और 7,300 करोड़ रुपये कर्ज के रूप में शामिल थे। आइआइएचएल अब तक 5,750 करोड़ रुपये जमा कर चुकी है, जो कुल रकम का 58.31 प्रतिशत है। इसमें इक्विटी हिस्सा और 3,000 करोड़ रुपये का कर्ज शामिल है। शेष रकम रिलायंस कैपिटल की सहायक बीमा कंपनियों से आने हैं। इसके लिए सीओसी की मंजूरी और एक स्पष्ट रिजॉल्यूशन फ्रेमवर्क की आवश्यकता है।

## 650 करोड़ मांग रहे मोहिनी मोहन दत्ता!

### रतन टाटा की वसीयत पर मचा बवाल?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद हो सकता है। हाल में खोली गई वसीयत के मुताबिक रतन टाटा ने अपनी रेसिडुएल एस्टेट का एक तिहाई हिस्सा अपने करीबी मोहिनी मोहन दत्ता को दिया है। रेसिडुएल एस्टेट में बैंक खातों में जमा राशि और पर्सनल आइटम्स की नीलामी से मिलने वाली रकम शामिल है। सूत्रों का कहना है कि रतन टाटा के करीबी रहे और टाटा समूह के पूर्व कर्मचारी मोहिनी मोहन दत्ता संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा चाहते हैं। उनकी डिमांड टाटा की वसीयत के एग्जीक्यूटर्स के अनुमान से काफी ज्यादा है। रतन टाटा की वसीयत के मुताबिक 74 वर्षीय दत्ता को उनके रेसिडुएल एस्टेट का एक तिहाई हिस्सा मिलेगा। इसमें बैंकों में जमा 350 करोड़ रुपये की जमा राशि और पेंटिंग्स और घड़ियों जैसी निजी चीजों की नीलामी से मिलने वाली रकम शामिल है। रतन टाटा की सौतेली बहनें, शिरीन जेजीभॉय और डीना जेजीभॉय को इसमें दो तिहाई हिस्सा मिलेगा। अक्टूबर 2024 में रतन टाटा के निधन के बाद ये दोनों बहनें भी उनकी वसीयत की एग्जीक्यूटर हैं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप और दूसरी कंपनियों में अपनी शेयरों जैसी प्रमुख संपत्तियां अपने दो फाउंडेशन को दी हैं।



### 650 करोड़ की उम्मीद

सूत्रों के अनुसार दत्ता ने रेसिडुएल एस्टेट के एक तिहाई हिस्से को स्वीकार तो कर लिया है लेकिन वह लगभग 650 करोड़ रुपये की उम्मीद कर रहे हैं। इससे टाटा के कुछ स्टेकहोल्डर हैरान हैं। सूत्रों का कहना है कि टाटा की संपत्ति का औपचारिक मूल्यांकन अभी बाकी है लेकिन दत्ता का हिस्सा 650 करोड़ रुपये होने की संभावना नहीं है। वसीयत अभी बॉम्बे हाई कोर्ट में प्रोबेट के लिए पेश नहीं की गई है। इस बारे में दत्ता ने बात करने से इनकार कर दिया। टाटा के स्टेकहोल्डर्स ने कहा कि रतन टाटा की वसीयत में उनके सौतेले भाई नोएल टाटा और उनके बच्चों का नाम नहीं है। भाई जिमी टाटा को 50 करोड़ रुपये दिए गए हैं। लेकिन टाटा फैमिली से बाहर का एक व्यक्ति इतनी बड़ी रकम की मांग कर रहा है। सौतेली बहनों के अलावा, टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी डेरियस खंबाटा और मेहली मिस्त्री भी रतन टाटा की वसीयत के एग्जीक्यूटर हैं।

**कौन हैं मोहिनी मोहन दत्ता–** दत्ता की रतन टाटा से पहली मुलाकात जमशेदपुर में हुई थी, जहां दोनों के बीच एक गहरा रिश्ता बन गया। इस रिश्ते की वजह से रतन टाटा ने उनके करियर और अन्य व्यावसायिक हितों का समर्थन किया। अक्टूबर 2024 में रतन टाटा के अंतिम संस्कार के समय पत्रकारों से बात करते हुए दत्ता ने कहा था, हम पहली बार जमशेदपुर के डीलर्स हॉस्टल में मिले थे, जब रतन टाटा 24 साल के थे। उन्होंने मेरी मदद की और मुझे आगे बढ़ाया।

## ट्राई ने की नई नंबरिंग प्रणाली की सिफारिश

### लैंडलाइन उपभोक्ताओं को डायल करना होगा 10 अंकों का नंबर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने लैंडलाइन उपभोक्ताओं के लिए नई नंबरिंग प्रणाली की सिफारिश की है। यदि सरकार इसे स्वीकार कर लेती है तो लैंडलाइन उपभोक्ताओं को स्थानीय कॉल के लिए भी पूरे 10 अंकों का नंबर डायल करना होगा। ट्राई ने इस्तेमाल नहीं हो रहे फोन नंबरों से छुटकारा पाने के लिए एसटीडी कोड प्रणाली को खत्म करने के लिए नई नंबरिंग प्रणाली की सिफारिश की है। नई नंबर प्रणाली कोड एक दूरसंचार सर्किल या राज्य स्तर पर होगा। ट्राई ने फिक्स्ड लाइन सेवाओं के लिए मौजूदा एसडीसीए-आधारित (एसटीडी नंबर आधारित) नंबरिंग योजना से एलएसए (लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र) आधारित 10 अंकीय बंद नंबरिंग योजना में स्थानांतरण की सिफारिश की है। इससे कम से कम व्यवधान के साथ दीर्घकाल में फिक्स्ड लाइन सेवाओं के लिए दूरसंचार पहचानकर्ता (टीआई) संसाधन या फोन नंबर की बाधाओं को प्रभावी ढंग से कम किया जा सके। दूरसंचार सर्किल या लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) आमतौर पर राज्य स्तरीय क्षेत्र या बड़े महानगरीय क्षेत्र को संदर्भित करता है।

**फिक्स्ड लाइन से फिक्स्ड लाइन कॉल के लिए पहले लगाना होगा शून्य–** ट्राई ने सिफारिश की है कि फिक्स्ड लाइन सेवा के लिए एलएसए आधारित 10 अंकों वाली बंद नंबरिंग योजना को लागू करने के लिए उपभोक्ताओं को सभी फिक्स्ड लाइन से फिक्स्ड लाइन कॉल के लिए पहले '0' का उपयोग करना होगा। इसके बाद एसडीसीए (शॉर्ट डिस्टेंस चार्जिंग एरिया) या एसटीडी कोड और उपभोक्ता का नंबर लिखना होगा। यहां तक एक ही एसडीसीए के अंदर स्थानीय कॉलों को भी '0' का उपयोग करके डायल करना होगा। इसके बाद एसडीसीए कोड और ग्राहक संख्या का उपयोग करना होगा। सिफारिश के अनुसार, उपभोक्ताओं को जारी मौजूदा फोन नंबरों में कोई बदलाव नहीं होगा।

**नई योजना के लिए दूरसंचार ऑपरेटरों को मिलेंगे छह महीने–** ट्राई ने कहा कि दूरसंचार विभाग को नई नंबरिंग योजना को लागू करने के लिए दूरसंचार ऑपरेटरों को छह महीने का समय देना होगा। निष्क्रिय नंबरों के उपयोग के लिए, ट्राई ने सिफारिश की है कि दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा किसी भी मोबाइल या फिक्स्ड लाइन कनेक्शन को तब तक निष्क्रिय नहीं किया जाएगा, जब तक कि गैर-उपयोग अवधि के 90 दिन समाप्त न हो जाएं। इसने सुझाव दिया है कि उपयोग न करने के चलते निष्क्रिय सभी मोबाइल और फिक्स्ड लाइन कनेक्शन दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा उपयोग न किए जाने की अवधि के 90 दिनों की समाप्ति के 365 दिनों के बाद अनिवार्य रूप से निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

## शादी की तैयारी में आया आइडिया और बढ़ा दिए कदम

### अब करोड़ों का कारोबार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेघा जैन जयपुर की रहने वाली है। उन्होंने 2012 में अपनी शादी की तैयारी के दौरान एक बिजनेस आइडिया खोज निकाला। मेहमानों के लिए गिफ्ट तलाशते हुए उनकी नजर महंगे विदेशी सुपरफूड्स पर गई। इससे उन्हें खुद ही ऐसे हेल्दी प्रोडक्ट्स की पेशकश का विचार आया। इसी के बाद उन्होंने अपनी कंपनी केनी डिलाइट्स शुरू की। कोरोना महामारी के दौरान लोगों की हेल्दी खाने की जरूरत ने उनके बिजनेस को चार चांद लगा दिए। आज मेघा एक सफल उद्यमी हैं। वह दूसरी महिलाओं के लिए भी प्रेरणा हैं। आइए, यहां मेघा जैन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**ऐसे आया बिजनेस आइडिया–** मेघा जैन के कारोबारी सफर की कहानी 2012 में शुरू होती है, जब वो अपनी शादी की तैयारी कर रही थीं। उन्हें मेहमानों के लिए कुछ अलग तरह के गिफ्ट की तलाश थी। तभी उनकी नजर क्रैनबेरी, ब्लूबेरी और गोजी बेरी जैसे विदेशी सुपरफूड्स पर पड़ी। ये सुपरफूड्स सेहत के लिए बहुत अछे होते हैं। लेकिन, इनकी कीमत भी काफी ज्यादा थी। इसी बात ने मेघा के दिमाग की घंटी बजाई। उन्होंने सोचा, क्यों न इन सुपरफूड्स का ही बिजनेस किया जाए। मेघा ने 2007 में सिम्बायोसिस कॉलेज, पुणे से एमबीए किया था। साथ ही, उन्होंने साउथ दिल्ली पॉलीटेक्निक से इंटीरियर डिजाइनिंग में डिप्लोमा भी कर रखा था। लेकिन, नौकरी करने के बजाय मेघा ने कुछ अलग करने का फैसला किया। उन्होंने अपनी शिक्षा और स्किल्स का इस्तेमाल एक नया बिजनेस शुरू करने में किया।

### अलग-अलग देशों से मंगवाए प्रोडक?ट्स

अपने आइडिया पर अमल करते हुए मेघा जैन ने थाईलैंड से क्रैनबेरी और ब्लूबेरी मंगवाए। उन्होंने चिया सीड्स, क्विनोआ और ब्राजील नट्स जैसे और भी हेल्दी सुपरफूड्स अपने प्रोडक्ट्स में शामिल किए। इन सभी पौष्टिक उत्पादों को मिलाकर उन्होंने भारत में बेचना शुरू कर दिया। इस तरह, उनकी कंपनी केनी डिलाइट्स की शुरुआत हुई।

**कोरोना के दौर में दौड़ पड़ा बिजनेस–** शुरुआत में बिजनेस धीरे–धीरे चल रहा था। लेकिन, फिर कोरोना का दौर आया। लॉकडाउन के दौरान लोग घरों में बंद थे। अपनी सेहत को लेकर वे ज्यादा सजग हो गए थे। हर कोई हेल्दी और पौष्टिक खाना चाहता था। यहीं पर मेघा जैन के बिजनेस को सफलता मिली। लोगों ने ऑनलाइन ऑर्डर देना शुरू कर दिया और केनी डिलाइट्स के प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ गई। अब उनकी कंपनी करोड़ों का कारोबारी करती है। मेघा की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो बड़े सपने देखती हैं। लेकिन, उन्हें पूरा करने से हिचकिचाती हैं। मेघा ने न सिर्फ अपना सपना पूरा किया, बल्कि कई दूसरी महिलाओं के लिए एक मिसाल भी कायम की है।

### उदय कोटक और उनके परिवार ने किया देश का सबसे महंगा सौदा

# मुंबई में अपार्टमेंट नहीं, पूरी बिल्डिंग ही खरीद ली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई इन दिनों रियल एस्टेट को लेकर चर्चा में है। बॉलीवुड सेलिब्रिटी से लेकर कारोबारी तक प्रॉपर्टी में रुचि दिखा रहे हैं। अब देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक भी मुंबई में प्रॉपर्टी खरीदने को लेकर चर्चा में आ गए हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक और उनके परिवार ने मुंबई में कोई अपार्टमेंट ही नहीं, बल्कि पूरी बिल्डिंग ही खरीद ली है। देश के सबसे अमीर बैंकर उदय कोटक और उनके परिवार ने मुंबई के वर्ली सी फेस की एक पूरी बिल्डिंग खरीदी है। यह रेजिडेंशियल बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग की कीमत 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की है। इस खरीदारी के साथ ही देश में प्रॉपर्टी के दामों का एक नया रेकॉर्ड बन गया है। उदय कोटक ने इस बिल्डिंग में रहने वाले सभी लोगों से उनके घर खरीद लिए हैं।

### कैसी है यह बिल्डिंग?

कोटक परिवार ने जो यह बिल्डिंग खरीदी है, वह दो मंजिला है। इनमें कुल 24 अपार्टमेंट हैं। डॉक्यूमेंट्स के अनुसार उदय कोटक के परिवार ने 30 जनवरी को बिल्डिंग के कुल 24 अपार्टमेंट में से 12 अपार्टमेंट के सौदे रजिस्टर करवाए। एक सौदा



सितंबर में रजिस्टर हुआ था। बाकी सौदे भी जल्द ही पूरे होने की उम्मीद है। जिनके सौदे बचे हैं, उन्हें टाकन राशि दी जा चुकी है।

इस बिल्डिंग का सबसे बड़ा अपार्टमेंट 1,396 वर्ग फुट में फैला है और इसकी कीमत 38.24 करोड़ रुपये है। वहीं सबसे छोटे 173 वर्ग फुट के घर की कीमत 4.7 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

### अब तक की सबसे ज्यादा कीमत

कोटक परिवार इस बिल्डिंग के घर करीब 2.72 लाख रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से खरीदे हैं। यह किसी भी प्रॉपर्टी सौदे के लिए देश में अब तक की सबसे ऊंची कीमत है। इससे पहले देश में प्रति वर्ग फुट की सबसे ऊंची कीमत दक्षिण मुंबई के अल्टामाउंट रोड पर 2.25 लाख रुपये और भूलाभाई देसाई रोड पर 2.09 लाख रुपये थी।

### मुंबई में बॉलीवुड सितारे भी पीछे नहीं

मुंबई इस समय रियल एस्टेट में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बॉलीवुड सेलिब्रिटी भी यहां प्रॉपर्टी को लगातार खरीद और बेच रहे हैं। अक्षय कुमार और उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना में वर्ली स्थित एक लग्जरी अपार्टमेंट 80 करोड़ रुपये में बेचा है। मशहूर संगीतकार अनु मलिक और उनकी पत्नी अंजू मलिक ने मुंबई के सांताक्रूज वेस्ट में दो अपार्टमेंट बेच दिए हैं। फरवरी में यह सौदा 14.49 करोड़ रुपये में हुआ। सनी लियोनी ने भी मुंबई में 8 करोड़ रुपये में एक ऑफिस स्पेस खरीदा है। इसके लिए 35 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। सोनाक्षी सिन्हा ने भी मुंबई के बांद्रा पश्चिम की एक हाउसिंग कांप्लेक्स का अपना अपार्टमेंट बेचा है। यह प्रॉपर्टी उन्होंने 22.50 करोड़ रुपये में बेची। सोनाक्षी सिन्हा ने मार्च 2020 में यह प्रॉपर्टी 14.0 करोड़ रुपये में खरीदी थी। फिल्म निर्देशक सुभाष घई ने भी कुछ दिन पहले अपनी पत्नी के साथ मिलकर मुंबई में 24 करोड़ रुपये का एक अपार्टमेंट खरीदा है। इससे पहले अमिताभ बच्चन ने ओशिवारा में अपना डुप्लेक्स अपार्टमेंट 83 करोड़ रुपये में बेचा था। उन्होंने इसे 31 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## 14000 प्रतिशत चढ़ा केपीआई ग्रीन एनर्जी का शेयर, 87 प्रतिशत बढ़ा मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोलर कंपनी केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट के उछाल के साथ 452.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेजी मुनाफा बढ़ने की वजह से आई है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एनर्जी कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 67 पर्सेंट बढ़कर 85 करोड़ रुपये पहुंच गया है। वहीं, कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 39 पर्सेंट बढ़कर 458.3 करोड़ रुपये जा पहुंचा है। कंपनी ने तीसरा अंतरिम डिविडेंड भी डिक्लेयर किया है। कंपनी हर शेयर पर 4 प्रतिशत यानी 0.20 रुपये का अंतरिम डिविडेंड देगी। केपीआई ग्रीन एनर्जी ने अंतरिम डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 18 फरवरी 2025 फिक्स की है। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयर पिछले 5 साल में 14000 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं।

**5 साल में शेयरों में 14000 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल–** केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों में पिछले 5 साल में 14089 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। एनर्जी कंपनी के शेयर 6 फरवरी 2020 को 3.19 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 6 फरवरी 2025 को 452.65 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 6885 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 6.48 रुपये से बढ़कर 450 रुपये के पार पहुंच गए हैं। केपीआई ग्रीन एनर्जी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 744 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 312.95 रुपये है।

फुटबॉल


## सात साल में तीसरी बार निलंबित हुआ पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन



**मैड्रिड, एजेंसी।** अपने संविधान में संशोधन करने में विफल रहने वाले पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने निलंबित कर दिया है। फीफा का मानना है कि पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ का संविधान देश में खेल के सुचारू और न्यायपूर्ण शासन के लिए ठीक नहीं है। फीफा ने कहा कि पाकिस्तान तब तक निलंबित रहेगा जब तक पीएफएफ कांग्रेस उन संशोधनों को नहीं कर लेती। 2017 के बाद से यह पाकिस्तान फुटबॉल फेडरेशन का तीसरा निलंबन है। जून 2019 से पाकिस्तान फुटबॉल को फीफा द्वारा नियुक्त सामान्यीकरण समिति द्वारा चलाया जा रहा है। उन्हें चुनाव कराने और फुटबॉल सेट-अप में समानांतर समूहों को खत्म करने का काम सौंपा गया था, लेकिन यह इन योजनाओं को ठीक से निष्पादित करने में विफल रही है।पिछले कुछ समय में सामान्यीकरण समिति के प्रमुख और सदस्य बदल गए हैं, लेकिन पाकिस्तान में खेल में मुख्य मुद्दे अभी भी बने हुए हैं। सामान्यीकरण समिति का सरकारी पाकिस्तान खेल बोर्ड के साथ विवाद चल रहा है, जिसके कारण संशोधनों में देरी हुई है। इस सप्ताह की शुरुआत में पीएफएफ सामान्यीकरण समिति के अध्यक्ष हारून मलिक ने एक संसदीय पैनल को चेतावनी दी थी कि 15 फरवरी उनके कार्यकाल का आखिरी दिन होगा और अगर पाकिस्तान ने संवैधानिक संशोधनों को लागू नहीं किया तो उसे निलंबन का जोखिम उठाना पड़ सकता है। मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि संशोधन करने का मतलब यह नहीं है कि वह देश की फुटबॉल संचालन संस्था के चुनाव में संभावित उम्मीदवार बन जाएंगे। मलिक ने कहा कि पीएफएफ कांग्रेस फीफा के निर्देशानुसार संशोधन करने को तैयार नहीं थी, जिससे गतिरोध पैदा हो गया।

नेनशल गेम्स 2025

## उत्तराखंड ने बनाया नया रिकॉर्ड, अब तक के इतिहास में पहली बार जीते पांच स्वर्ण पदक



**देहरादून, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों में अब तक के इतिहास में पहली बार उत्तराखंड ने पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। अभी बॉक्सिंग और एथलेटिक्स सहित कई खेलों में पदकों की उम्मीद है। राष्ट्रीय खेलों में सोना जीतने में बृहस्पतिवार को उत्तराखंड ने नया रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। ताइक्वांडों में राज्य की पूजा यादव के स्वर्ण पदक जीतते ही राज्य को मिले स्वर्ण पदकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। यह पिछले सभी राष्ट्रीय खेलों में अब तक का रिकॉर्ड है।राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड को अभी बॉक्सिंग और एथलेटिक्स सहित कई खेलों में पदकों की उम्मीद है। राज्य के पांच मुक्केबाज निवेदिता, काजल, हिमांशु सोलंकी, कपिल पोखरिया और नरेंद्र सिंह ने बॉक्सिंग के फाइनल में पहुंच गए हैं। ये खिलाड़ी गोल्ड के लिए आज विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को अपने मुक्कों का दम दिखाएंगे।ताइक्वांडों में भी राज्य के चार पदक पक्के हो गए हैं। फुटबॉल में भी राज्य के खिलाड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा है। इसके अलावा, कुछ अन्य खेलों में भी राज्य को पदकों की उम्मीद है। उत्तराखंड को वुशु में पहला स्वर्ण पदक मिला। लॉन बॉल, योगासन, कैनोइंग और कयाकिंग और ताइक्वांडो में भी उत्तराखंड सोना जीत चुका है।

# कटक में भारत की प्लेइंग 11 में होंगे 2 बदलाव

### इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम ने गुरुवार (6 फरवरी) को इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर 3 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत की। चैंपियन ट्रॉफी से पहले भारत को तैयारियों का जायजा लेने के लिए 2 और मैच बाकी है। इन 2 मैचों में टीम अपने सभी विकल्प आजमाने का प्रयास करेगी। ऐसे में रविवार (9 फरवरी) को कटक में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में 2 बदलाव हो सकता है।

भारतीय टीम की प्लेइंग 11 में 1 बदलाव बल्लेबाजी और दूसरा गेंदबाजी में हो सकता है। बल्लेबाजी में बदलाव तो तय है। विराट कोहली घुटने में तकलीफ के कारण पहला वनडे नहीं खेले। दूसरे वनडे में उनकी वापसी तय है। नागपुर में ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर ने मैच के बाद खुलासा किया कि कोहली उपलब्ध होते तो वह प्लेइंग 11 में नहीं होते।

### कोहली किसकी जगह खेलेंगे?

विराट कोहली के न होने पर यशस्वी जायसवाल ने डेब्यू किया। उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। श्रेयस अय्यर की बातों से ऐसा लगा कि रोहित शर्मा के साथ यशस्वी ओपनिंग के पसंद हैं। शुभमन गिल नंबर 3 और विराट कोहली नंबर 4 पर होते। इसकी एक वजह कोच गौतम गंभीर हैं, जिनको लेफ्ट एंड राइट हैंड कॉम्बिनेशन पसंद है। नागपुर में श्रेयस अय्यर ने जिस तरह की बल्लेबाजी की उन्हें प्लेइंग 11 से बाहर रख पाना मुश्किल है। ऐसे में कोहली की वापसी जायसवाल की जगह हो सकती है।

### हर्षित राणा की जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम को अपने सभी विकल्प आजमाने हैं। ऐसे में गेंदबाजी में भी एक बदलाव हो सकता है। हर्षित राणा की जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिल सकता है। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट अभी नहीं आई है। ऐसे में अर्शदीप और राणा को दो-दो मैच दिए जा सकते हैं। इसके अलावा कुलदीप यादव ने चोट से वापसी की है। ऐसे में उन्हें दूसरे वनडे में भी मौका मिल सकता है।

### भारत की दूसरे वनडे के लिए संभावित प्लेइंग 11

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर,केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हर्षित राणा/अर्शदीप सिंह,मोहम्मद शमी।



## मेरा ध्यान फील्ड प्लेसमेंट पर था, शतक पर नहीं: गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 87 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को चार विकेट से जीत दिलाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उनका ध्यान शतक बनाने पर नहीं था, बल्कि वे नागपुर के वीसीए स्टेडियम में उनके लिए निर्धारित फील्ड प्लेसमेंट पर ध्यान दे रहे थे। गिल ने डिज्नी+ हॉटस्टार से कहा, नहीं, मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मेरा ध्यान फील्ड प्लेसमेंट पर था और मैंने उसी के अनुसार शॉट खेले। मैं गेंदबाज पर हावी होना चाहता था और अगर मैं 60 साल का भी होता, तो भी मैं यही शॉट खेलता। उन्होंने हमेशा ओपनर के तौर पर खेलने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में भी अपने विचार साझा किए। मैं टेस्ट में तीसरे नंबर पर खेलता हूं, इसलिए यह कोई बड़ा बदलाव नहीं था। उस स्थान पर खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि आपको खेल की स्थिति के अनुसार खुद को ढालना होता है। अगर टीम जल्दी विकेट खो देती है, तो आपको समझदारी से खेलना होता है। अगर टीम अच्छी शुरुआत करती है, तो आपको लय बनाए रखने की जरूरत होती है। मेरा तरीका सरल था- परिस्थिति के अनुसार खेलना। श्रेयस अय्यर के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बात करते हुए, जिन्होंने 59 रन बनाए, गिल ने कहा, हमने दो शुरुआती विकेट खो दिए, लेकिन हमारी योजना फील्ड के हिसाब से खेलने और पीछे न हटने की थी। कुछ ओवरों के बाद, लाइन और लेंथ का अनुमान लगाया जा सकता था, जिससे हमें तेजी से रन बनाने में मदद मिली। स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का इस्तेमाल करने वाले युवा भारतीय बल्लेबाजों के बारे में पूछे जाने पर, गिल ने कहा, यह एक व्यक्तिगत पसंद है, टीम की रणनीति नहीं। हर बल्लेबाज के पास विशिष्ट क्षेत्रों को लक्षित करने की योजना होती है। बल्लेबाजी करते समय अधिक विकल्प रखने के लिए कई खिलाड़ी नेट्स में स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास कर रहे हैं।

## नाथन लायन ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, ऐसा करिश्मा करने वाले पहले नॉन एशियन बॉलर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में श्रीलंका के कप्तान धनंजय डि सिल्वा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ। नाथन लायन और मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं पाए और आउट हो गए। श्रीलंका ने अभी तक 9 विकेट के नुकसान पर 229 रन बना लिए हैं। लायन ने मैच में एक खास रिकॉर्ड बना दिया है।

श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में नाथन लायन ने अभी तक 30 ओवर में 78 रन देकर 3 विकेट चटकाए हैं। उनकी गेंदों का तोड़ श्रीलंका के बल्लेबाजों के पास नहीं था। इसी वजह से उनका बैटिंग ऑर्डर बुरी तरह से धराशायी हो गया। पहली पारी में तीन विकेट लेते ही लायन ने एशिया में अपने 150 टेस्ट विकेट पूरे कर लिए हैं। इसी के साथ वह एशिया में 150 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले पहले नॉन एशियन बॉलर बने हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के ही शेन वॉर्न ने एशिया में 127 विकेट चटकाए थे। लेकिन वह भी एशिया में टेस्ट में 150 विकेट नहीं ले पाए थे।

### एशिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले नॉन एशियन बॉलर-

नाथन लायन- 150 विकेट
शेन वार्न- 127 विकेट
डेनियल विटोरी- 98 विकेट
जेम्स एंडरसन- 92 विकेट
डेल स्टेन- 92 विकेट

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट

नाथन लायन वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने अभी तक ङ्खञ्जष्ट में कुल 50 मैचों में ही 206 विकेट हासिल किए हैं, जिसमें 10 पांच विकेट हॉल शामिल हैं। वह ऑफ स्पिन के लिए जाने जाते हैं और उनकी गेंदों को समझ पाना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं है।

### साल 2011 में ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में किया डेब्यू

नाथन लायन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए साल 2011 में टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया था। इसके बाद से ही दमदार प्रदर्शन की वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम की अहम कड़ी बन गए। वह अपने दम पर ऑस्ट्रेलिया की टीम को कई मैच जिता चुके हैं। उन्होंने अभी तक 136 टेस्ट मैचों में कुल 549 विकेट अपने नाम किए हैं।

श्रीलंका वर्सेस ऑस्ट्रेलिया

## स्टीव स्मिथ ने 8 पारियों में चौथा शतक जड़ा, जो रूट और राहुल द्रविड़ की बराबरी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार (7 फरवरी) को टेस्ट क्रिकेट में 36वां शतक जड़ा। इस शतक के साथ वह वर्तमान में खेल रहे खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। स्मिथ के अलावा जो रूट के 36 टेस्ट शतक हैं। इसके अलावा भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ के नाम भी 36 शतक हैं।

स्टीव स्मिथ ने पिछली 8 पारियों में चौथा शतक जड़ा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के ब्रिस्बेन टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 101 रन की पारी खेली थी। इसके बाद उन्होंने मेलबर्न में 140 रन की पारी खेली। इसके बाद उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में 141 रन की पारी खेली थी। अब दूसरे टेस्ट में भी उन्होंने शतक जड़ दिया।

पैट कमिंस की अनुपलब्धता में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रहे स्टीव स्मिथ ने उस्मान ख्वाजा के साथ 54 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के साथ 150 रनों की साझेदारी कर दी है। कैरी भी अर्धशतक जड़ चुके हैं।

## वैलेंसिया को हराकर बर्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में; लिवरपूल इंग्लिश लीग कप के फाइनल में


**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फर्मिन लोपेज ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।



फेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं, गत चैंपियन लिवरपूल ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए टोटेनहम को 4-0 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना न्यूकैसल से होगा। बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फर्मिन लोपेज ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेन्डेज ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

लिवरपूल सेमीफाइनल के पहले चरण में एक गोल से हार गया था, लेकिन दूसरे चरण में उसने बाजी पलटने में कोई कसर नहीं छोड़ी और 4-1 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। लिवरपूल की तरफ से पहले हाफ में फ़ॉरवर्ड कोडी गाकपो ने गोल करके उसे शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद मोहम्मद सलाह, डोमिनिक स्जोबोस्जलाई और वर्जिल वान डिज्क के गोल की मदद से उसने सेमीफाइनल के दूसरे चरण को एकतरफा बना दिया।

## 16 पारी, 10.37 का औसत, 166 रन... रोहित शर्मा का फ्लॉप शो, चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले टेंशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में शानदार आगाज किया. दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला गुरुवार (6 फरवरी) को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला गया. इस मैच को भारतीय टीम ने 38.4 ओवर में ही 4 विकेट से जीत लिया.यह मैच जरूर भारतीय टीम ने जीत लिया है, लेकिन टीम मैनेजमेंट के लिए अब भी एक बड़ी टेंशन बनी हुई है. यह कप्तान रोहित की खराब फॉर्म है. हिटमैन लगातार फ्लॉप नजर आ रहे हैं. उनका बल्ला एकदम खामोश दिखाई दे रहा है.नागपुर वनडे में कप्तान रोहित ने 7 गेंदें खेलीं, लेकिन रन 2 ही बना सके. पाकिस्तानी मूल के तेज गेंदबाज साकिब महमूद ने रोहित को अपनी इनस्विंगर बॉल के जाल में फंसाते हुए कैच आउट कराया. भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद इसी फॉर्मेट में चैम्पियंस ट्रॉफी भी खेलनी है. ऐसे में रोहित की खराब फॉर्म चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है. रोहित के पास अब भी इस सीरीज में 2 वनडे मुकाबले हैं, जिनमें वो अपनी शानदार फॉर्म वापस हासिल कर सकते हैं. उनका पिछली कुछ पारियों में बेहद खराब प्रदर्शन रहा है. कप्तान रोहित ने तीनों फॉर्मेट की पिछली 16 पारियों में सिर्फ 166 रन बनाए हैं. इस दौरान उनका औसत 10.37 का रहा, जो बेहद खराब है.

# महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सोनम ने कहा, मुझे खेलने की उम्मीद भी नहीं थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महज 19 साल की उम्र में सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करके सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि उनके महत्वपूर्ण गोलों ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को पहले सीजन में फाइनल में पहुंचने में मदद की। हरियाणा की रहने वाली यह फॉरवर्ड टूर्नामेंट की दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थी और भारतीयों के बीच चार्ट में सबसे ऊपर थी।

अपने ब्रेकआउट सीज़न के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, मुझे कोई मैच खेलने की उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी और मेरी टीम में कहीं ज़्यादा अनुभवी हमलावर थे। उन्होंने कहा, जब मुझे दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ़ पहले मैच में खेलने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे खेलने वाली टीम में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। अपने लगातार गोल और मौके बनाने की बदौलत, सोनम विरोधी टीमों के



लिए एक बड़ा खतरा बन गई। जब उनसे उनकी सफलता के राज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, हमारी टीम ने हॉकी की बेहद आक्रामक शैली खेली, जिससे स्ट्राइकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे पता था कि टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, इसलिए मैंने यथासंभव अधिक से अधिक गोल करने की कोशिश की।

सोनम को मैदान पर उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया, क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट की आगामी खिलाड़ी का खिताब दिया गया। मुझे इस पर बहुत गर्व है और इसने मुझे पहले से कहीं अधिक प्रेरित किया है। मुझे पता है कि मैं और बेहतर खेल सकती हूं और बहुत आगे जा सकती हूं, और मैं अपने देश के लिए खेलने की पूरी कोशिश करूंगी।

सोनम ने कहा, मेरे कोच (जूड मेनेजेस) ने मेरी बहुत मदद की और जब भी मुझे किसी चीज की जरूरत पड़ी, वे हमेशा मेरे साथ रहे। उन्होंने मुझे यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत प्रेरित किया। सोनम ने यह भी बताया कि बचपन में उनकी आदर्श रानी रामपाल सिंह थीं, जिनके साथ उन्हें एचआईएल में काम करने का मौका मिला। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा, हर मैच के बाद, वह (रानी रामपाल) मुझे मेरी गलतियां बताती थीं और उन्हें सुधारने में मेरी मदद करती थीं। उन्होंने मेरा बहुत साथ दिया है और मैं उनकी तरह बनना चाहती हूं।

जब सूरमा फाइनल हार गए, तो सोनम को मैदान के किनारे रोते हुए देखा गया, जिससे पता चलता है कि वह अपनी टीम के साथ खिताब जीतना कितना चाहती थी। सोनम ने कहा, हम इतिहास बनाना चाहते थे और हर किसी की तरह जीतना चाहते थे, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो मुझे बहुत अजीब लगा और मैं रोने लगी।



लक्ष्मण उतेकर ने खुद साझा की घटना

# 'छावा' के डायरेक्टर ने रात भर विक्की को क्यों बांधकर रखा?

**हाल** ही में फिल्म 'छावा' के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि एक सीन को शूट करने के लिए विक्की को रात भर बांधकर रखा गया। इसके कारण एक्टर को काफी तकलीफ भी हुई। आखिर डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने ऐसा क्यों किया?

जल्द ही विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में विक्की ने छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि वे एक खास सीन शूट कर रहे थे, जिसके लिए विक्की कौशल को रात भर बांधकर रखा गया। इस सीन का फिल्म से क्या कनेक्शन है? विक्की के साथ इस सीन के बाद क्या हुआ?

## टॉर्चर करने वाला सीन फिल्माया गया

हाल ही में लक्ष्मण उतेकर ने बताया कि फिल्म 'छावा' के आखिर दिनों की शूटिंग में संभाजी महाराज के जीवन का वो पहलू फिल्माया जाना था, जब औरंगजेब ने उन्हें प्रताड़ित किया था।


ऐसे में विक्की कौशल पर भी वैसे ही सीन फिल्माए जा रहे थे। इसके लिए उन्हें बांधा गया, उनके हाथ जंजीरों से बंधे होते थे। शूटिंग का दिन खत्म हुआ तो विक्की के हाथ खोले गए लेकिन विक्की के हाथ सून पड़ गए, वह हाथों को हिला नहीं पा रहे थे।



# अंगद बेदी को जन्मदिन पर पत्नी नेहा धूपिया ने दे डाली नसीहत

**अभिनेता** के जन्मदिन को और भी खास बनाने में उनकी पत्नी और अभिनेत्री नेहा धूपिया ने कोई कसर नहीं छोड़ी। अभिनेत्री ने अंगद से कहा कि वह वादा करती हैं कि हमेशा उनका साथ देंगी। इसके साथ ही नेहा ने अंगद को सरल अंदाज में फोन से दूर रहने की नसीहत भी दे दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेत्री ने खुद को अंगद के लिए एक बेहतर श्रोता बनने का वादा किया। नेहा ने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक माई लव, तुम्हारे लिए तोहफे के रूप में मैं एक बेहतर श्रोता बनने का वादा करती हूं। मैं हर जगह समय पर आपके साथ रहूंगी। अभिनेत्री ने पोस्ट में आगे बताया कि अंगद की फिल्मों को लेकर पसंद उनकी तुलना में बेहतर है और इस बात को वह स्वीकार करती हैं। नेहा ने लिखा, मैं उन चीजों की कम चिंता करूंगी जो कभी नहीं हो सकती हैं। मैं शायद कभी कम बात करूं और तुम्हें ज्यादा बात करने दूं। मैं तुम्हें विश्वास दिलाती हूं कि फिल्मों की तुम्हारी पसंद (जो फिल्में हम देखते हैं) मेरी तुलना में बेहतर है। तुम खूब क्रिकेट देखो, खेलो, धीरे खाओ, तेज दौड़ो। कम से कम आज तो फोन कम चलाओ। मैं तुम्हारे होने का हर दिन जश्न मनाती हूं। हैप्पी बर्थडे माई लव। अंगद बेदी ने साल 2018 में अभिनेत्री नेहा धूपिया से दिल्ली में शादी की थी। अंगद-नेहा दो बच्चों के माता-पिता हैं। बता दें, अंगद बेदी भारतीय क्रिकेट कप्तान रहे दिवंगत बिशन सिंह बेदी के बेटे हैं।



# रोजलिन खान ने किया था आत्महत्या का प्रयास

**अभिनेत्री** रोजलिन खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वह भावनात्मक रूप से टूट गई थीं। इस वजह से उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया था। दुखद पल का खुलासा करने के लिए रोजलिन ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। पोस्ट में रोजलिन ने बताया कि वह मेंटल हेल्थ प्रॉब्लम से गुजर चुकी हैं।

अभिनेत्री ने अपनी बहन की पोस्ट को री-पोस्ट किया, जिसमें लिखा था, कल रात मेरी छोटी बच्ची बहुत बुरी तरह से भावनात्मक रूप से टूट गई थी, उसने आत्महत्या का प्रयास किया और मैंने उसे रोका, कृपया उसे अकेला छोड़ दें! रोजलिन खान मजबूत बनो। रोजलिन ने बहन की पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, कल रात आपको परेशान करने के लिए माफ करें! रोजलिन खान हाल ही में कुछ चौंकाने वाले खुलासे करने के लिए सुर्खियों में रही हैं।

कैंसर के स्टेज 4 का इलाज करवा रहीं अभिनेत्री ने हाल ही में टीवी अभिनेत्री हिना खान पर गंभीर आरोप लगाए थे, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने अपने कैंसर के इलाज के डिटेल्स को छिपाने के लिए अपने डॉक्टर मंदार नादकर्णी को रिश्वत दी थी। रोजलिन खान ने कहा, यह देखकर आश्चर्य होता है कि डॉ. मंदार नादकर्णी इस विषय पर खुलकर और स्पष्ट रूप से सामने नहीं आ रहे हैं। एक डॉक्टर के रूप में उनकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे इस मामले में खुलकर सामने आएं, ताकि दुनिया भर के कैंसर रोगी गुमराह न हों।

मुझे नहीं पता कि उन्हें चुप रहने के लिए क्या मजबूर कर रहा है। हो सकता है कि हिना खान ने वास्तव में उन्हें इस मामले में चुप रहने के लिए रिश्वत दी हो। यह बहुत दुखद है, खासकर एक कैंसर मरीज के रूप में। इससे पहले रोजलिन ने पूर्व क्रिकेटर और राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू को भेजे गए कानूनी नोटिस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।



# 'लाइगर' में काम करने से पहले अनन्या पांडे को था यह संदेह

**हाल** ही में चंकी पांडे ने एक इंटरव्यू में बताया कि बेटी अनन्या पांडे फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले डाउट में थी। चंकी से इस बारे में एक्ट्रेस ने बात भी की। क्या वजह थी, जिसके कारण अनन्या फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले डाउट में आ गई थी? जल्द ही चंकी पांडे फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आएंगे। एक हालिया दिए इंटरव्यू में चंकी पांडे ने अपनी बेटी अनन्या के एक्टिंग करियर को लेकर भी बात की। इसी इंटरव्यू में चंकी पांडे ने बताया कि जब अनन्या को फिल्म 'लाइगर' ऑफर हुई थी तो वह डाउट में थी कि यह फिल्म करे या ना करे?

## अनन्या ने चंकी से बात की


चंकी पांडे हालिया इंटरव्यू में बताते हैं कि अनन्या फिल्म 'लाइगर' को करने से पहले उनके पास आई थी। उसने पूछा था कि पापा मैं इस फिल्म को करने के लिए काफी यंग हूं। वह जानना चाहती थी कि क्या इस फिल्म का करना चाहिए या नहीं? तब चंकी ने जवाब दिया था कि बड़ी कमर्शियल फिल्म है, करनी चाहिए। अब चंकी को लगता है कि अनन्या सही थी।


# सोनू सूद के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी का वारंट

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। धोखाधड़ी एक मामले में गवाही देने के लिए पेश न होने पर अदालत ने गुरुवार को उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह मामला लुधियाना के वकील राजेश खन्ना की ओर से दायर किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि मोहित शुक्ला नाम के व्यक्ति ने उनके साथ 10 लाख रुपये की ठगी की। वकील का कहना है कि मोहित शुक्ला ने उन्हें झांसा देकर एक फर्जी रिजिका कॉइन में निवेश करने के लिए बहलाया था और इस मामले में सोनू सूद को गवाही देनी थी। हालांकि, अदालत की ओर से कई बार समन भेजे जाने के बावजूद अभिनेता सोनू सूद ने इन्हें नजरअंदाज किया। इस पर अदालत ने अब गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत के आदेश में कहा गया, सोनू सूद को विधिवत समन या वारंट जारी किया गया है, लेकिन वह उपस्थित होने में विफल रहे हैं। आपको आदेश दिया जाता है कि सोनू सूद को गिरफ्तार कर अदालत के समक्ष पेश करें।

## 10 फरवरी को अगली सुनवाई

मुंबई के अंधेरी पश्चिम में ओशिवारा पुलिस स्टेशन को वारंट भेजा गया है, जिसमें उन्हें अभिनेता को गिरफ्तार करने और अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।





# ग्रैमी में बोल्ड ड्रेस से सनसनी मचाने वाली बियांका मुश्किलों में

## क्या होगा इनपर कानूनी एक्शन?

**ग्रैमी** अवार्ड्स में बियांका सेंसरी अपने पति कान्ये वेस्ट के साथ पहुंची थी, जहां उन्होंने अपने बोल्ड ड्रेस से सबको चौंका दिया था। अब इस मामले में बियांका मुश्किलों में आ गई हैं। आइए जानते हैं क्या होगा इनपर कोई कानूनी एक्शन?

हाल ही में हुआ 67वां ग्रैमी अवार्ड्स चर्चा का केंद्र बना रहा, जिसकी मुख्य वजह थी कान्ये वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी। बियांका ने रेड कार्पेट पर बोल्ड ड्रेस में पूरी मीडिया में सनसनी मचा दी थी। अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सामने आ रहा है कि इनपर कोई कानूनी एक्शन नहीं होगा।

**क्या है पूरा मामला?**

बीते 3 फरवरी को लॉस एंजेलिस में ग्रैमी अवार्ड्स का आयोजन किया गया था। इस अवार्ड शो में कई कलाकार पहुंच रहे थे, तभी रैपर कान्ये वेस्ट अपनी पत्नी बियांका सेंसरी के साथ पहुंचती हैं। सनसनी तब मच जाती है, जब बियांका अपना काले फर वाला कोट उतार देती हैं, जिसके बाद वह सिर्फ एक ट्रांसपेरेंट ड्रेस में नजर आती हैं। इसके बाद पूरी मीडिया में वह अपने इस बोल्ड अवतार के लिए छा जाती हैं। लोग उनपर कई तरह की टिप्पणियां करते हैं, जिसमें कुछ उनपर कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

**बियांका पर किसी ने नहीं लगाया आरोप**


रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि ग्रैमी अवार्ड एक निजी समारोह है, जिसके सदस्यों ने अभी तक पुलिस में कोई शिकायत नहीं की है, इस कारण बियांका पर कोई कानूनी कार्यवाई नहीं हो सकती। साथ ही एक वकील ने इंटरव्यू में बताया कि बियांका सेंसरी ने जो किया वह गलत है, लेकिन अगर आप किसी को ठेस पहुंचाने के लिए अश्लील व्यवहार करते हैं, तो उसपर कार्रवाई होती है। इस कारण बियांका के ऊपर यहां कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।

**इन तरीकों से हो सकता है नियमों का उल्लंघन**

वह वकील बताती हैं कि बियांका के ड्रेस को लेकर नियमों कुछ उल्लंघन हो सकते हैं, क्योंकि टेलीविजन नेटवर्क सीबीएस द्वारा आप शरीर के किसी भी अंग को आपत्तिजनक तौर पर नहीं दिखा सकते। वैसे अमेरिका टेलीविजन प्रसारण की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वह किसी भी आपत्तिजनक चीजों का प्रसारण ना होने दें।

# रूपाली गांगुली पति अश्विन को मानती हैं अपना सबसे अच्छा दोस्त

**अभिनेत्री** रूपाली गांगुली ने शादी की 12वीं सालगिरह पर पति अश्विन के. वर्मा को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। अभिनेत्री ने एक मजेदार वीडियो के साथ बताया कि उनका वजूद अश्विन से ही है। वही उनके सबसे अच्छे प्रशंसक के साथ दोस्त भी हैं।



अभिनेत्री अक्सर मजेदार पोस्ट के साथ सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रहती हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने बताया कि उनके पति उनके सबसे बड़े समर्थक हैं और उनकी जिंदगी में अश्विन की भूमिका महत्वपूर्ण है।

अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 12 साल और गिनती जारी है। तुम्हारे बिना मैं अपनी जिंदगी में क्या करूंगी, कुछ नहीं कर सकती। तुमने मुझे पहचान दिलाई। हर परिस्थिति में सपोर्ट किया। तुम मेरे सबसे बड़े आलोचक होने से सबसे उत्साही चीयरलीडर रहे हो। अभिनेत्री ने पति को न केवल अच्छा दोस्त, प्रशंसक बल्कि अपने बच्चे का सबसे अच्छा पिता भी बताया। पति के लिए अपने प्यार का इजहार करते हुए उन्होंने आगे लिखा, सबसे अच्छे पिता होने से लेकर आप रुद्रांश के सबसे अच्छे दोस्त रहे हो। मैं धूप में चल सकती हूं क्योंकि आप छाए में मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं आपसे बेइंतहा प्यार करती हूं। गांगुली ने 6 फरवरी 2013 को व्यवसायी अश्विन के. वर्मा से बंगाली रीति-रिवाज से शादी की थी। जोड़े को एक बेटा है, जिसका नाम उन्होंने रुद्रांश रखा है। इससे पहले अभिनेत्री ने एक मजेदार पोस्ट के जरिए बताया था कि जब निर्देशक इमोशनल सीन समझाते हैं तब वह अटपटा काम करती हैं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री गायक दलेर मेहंदी के गाने 'सजन मेरे सतरंगिया' पर डांस करती नजर आईं। वीडियो के साथ रूपाली ने बताया कि जब निर्देशक उन्हें 'इमोशनल सीन' समझाते हैं तो उनके दिमाग में क्या चलता है।



# इस बोल्ड एक्ट्रेस ने ली दीक्षा

## बोलीं- महिलाएं छोटे कपड़े पहनने के लिए नहीं

**बॉलीवुड** अभिनेत्री इशिका तनेजा गुरु दीक्षा ले चुकी हैं। उन्होंने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सनातन की सेवा करने की कसम भी खाई।

आइए जानते हैं कौन हैं इशिका तनेजा? बॉलीवुड अभिनेत्री इशिका तनेजा, जो कि गुरु दीक्षा लेने के बाद से ग्लैमर की दुनिया से किनारा कर चुकी हैं। उन्होंने गुरुवार को निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इससे पहले इशिका ने मौनी अमावस्या पर गंगा में डुबकी लगाने के बाद सनातन धर्म का प्रचार करने की कसम खाई थी। आइए जानते हैं कौन हैं इशिका तनेजा?

## कौन हैं इशिका तनेजा?

इशिका तनेजा ने साल 2018 में 'मिस वर्ल्ड टूरिज्म' का खिताब जीता था। अभिनेत्री को साल 2016 में भारत की 100 सफल महिलाओं की श्रेणी में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इशिका साल 2017 में मधुर भंडारकर की फिल्म 'इंदु सरकार' में अभिनय भी किया है।

इसके अलावा वह विक्रम भट्ट की सीरीज 'हद' में भी नजर आईं। इसके अलावा अभिनेत्री के नाम 60 मॉडलो पर 60 मिनट में 60 फुल एयरब्रश मेकअप करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है।

साभार एजेंसी